


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 286/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10

भोपाल, मंगलवार 27 मार्च 2025 भोपाल से प्रकाशित | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14 | dainiksandhyaprakash.in

## तुर्किये का भारत में विरोध, टर्किश कंपनी की चेन्नई एयरपोर्ट पर सर्विस बंद

पाकिस्तान को समर्थन देने पर तुर्किये की कंपनियों का भारत में विरोध किया जा रहा है। मंगलवार को चेन्नई एयरपोर्ट ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी की सब्सिडियरी




के साथ कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी की एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग सर्विस को बंद कर दिया गया है।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## पहलगाम क्लब में कैबिनेट मीटिंग के लिए पहुंचे सीएम उमर अब्दुल्ला, पाकिस्तान को कड़ा संदेश

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला कैबिनेट मीटिंग के लिए पहलगाम क्लब एंड कन्वेंशन सेंटर पहुंच चुके हैं। यह पहली बार है जब उमर सरकार के इस कार्यकाल में श्रीनगर या जम्मू के बाहर कैबिनेट मीटिंग करेंगे।



अधिकारिक तौर मीटिंग का एजेंडा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। लेकिन, अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम के लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए सरकार ने वहां मीटिंग करने का फैसला किया है। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले के बाद से पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है।

सीएम ने टूरिज्म सेक्टर को फिर से पटरी पर लाने के लिए 24 मई को दोहरा दृष्टिकोण प्रस्तावित किया था। उन्होंने केंद्र से कश्मीर में सरकारी कंपनियों और पार्लियामेंट्री कमेटी की बैठकें करने का निर्देश देने की अपील की थी।

बता दें कि 2009 से 2014 तक जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान सीएम उमर अब्दुल्ला ने उत्तर कश्मीर के गुरेज, माछिल, तंगधार और जम्मू क्षेत्र के राजौरी और पुंछ सेक्टर जैसे दूरदराज इलाकों में कैबिनेट की बैठकें की थीं।

## पहले थी क्लास टीचर, फिर बनी राष्ट्रपति की पत्नी, अब सरेआम जड़ दिया थप्पड़!

**हनोई।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि फ्लाइट से उतरते वक्त उनकी पत्नी उन्हें थप्पड़ लगा रही हैं। ये वायरल वीडियो वियतनाम की राजधानी हनोई का है, जहां फ्रांसीसी राष्ट्रपति बतौर राजकीय यात्रा पर अपनी पत्नी के साथ पहुंचे थे। वीडियो में फर्स्ट लेडी को वियतनाम के हनोई में राष्ट्रपति विमान से बाहर निकलते समय इमैनुएल मैक्रों का चेहरा हाथ से धकेलते देखा जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि जैसे ही विमान का दरवाजा खुलता है, राष्ट्रपति मैक्रों अचानक पीछे हटते हैं, जबकि उनकी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के मुंह पर धक्का दे रही हैं। इसी दौरान राष्ट्रपति मैक्रों को फौरन अहसास होता है कि नीचे पत्रकारों का हुजूम है और कैमरे ऑन हैं, इसीलिए वो थोड़ा मुस्कुराकर हाथ हिलाते हैं और फिर वहां से प्लेन के अंदर छिप जाते हैं।



हालांकि शुरूआत में फ्रांसीसी राष्ट्रपति भवन ने वीडियो को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाया हुआ कहकर उसे फर्जी बताता है, लेकिन बाद में वीडियो की सत्यता की पुष्टि हो गई। जिसके बाद फ्रांसीसी राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक बयान में भी थोड़ा बदलाव आ गया। राष्ट्रपति मैक्रों के एक करीबी दोस्त ने इसे एक साधारण ÷पति-पत्नी का झगड़ा÷ बताया है।

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति का पत्नी से हुआ था झगड़ा

फ्लाइट से उतरते वक्त भी राष्ट्रपति मैक्रों और उनकी पत्नी बगैर एक दूसरे का हाथ पकड़े उतरते दिख रहे हैं। जबकि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इस दौरान काफी असहज दिख रहे थे। वो अपनी पत्नी को कुछ ऐसे देख रहे थे मानो वो कहीं सार्वजनिक तौर पर कोई कांड ना कर दें। आपको बता दें कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति की शादी की कहानी पूरी दुनिया में मशहूर है। इसे एक असामान्य रिश्ता कहा जा सकता है। इमैनुएल मैक्रों और ब्रिगिट की उम्र में 24 सालों का फासला है। मैंक्रों अपनी पत्नी से 24 साल छोटे हैं।

## नीतीश कुमार ने आईएएस अधिकारी के सिर पर रख दिया गमला

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर अपने अजीबोगरीब व्यवहार को लेकर सुर्खियों में हैं। पटना के ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में नीतीश ने स्वागत में मिला फूलों का गमला शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ के सिर पर रख दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



बिहार सरकार की परंपरा के अनुसार, बुके की जगह गमला भेंट किया जाता है। जब डॉ. सिद्धार्थ ने सीएम को गमला सौंपा, तो नीतीश ने उसे उनके सिर पर रख दिया। अधिकारी ने तुरंत स्थिति संभालते हुए गमला उतारा और पास खड़े कर्मचारी को दे दिया। इस दृश्य से वहां मौजूद लोग हैरान रह गए।

कार्यक्रम में नीतीश ने 2.87 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एनेक्सी भवन, 4.90 करोड़ के वार्डन ब्लॉक और 5.33 करोड़ के स्टार्टअप ब्लॉक का शिलान्यास भी किया। नीतीश का यह व्यवहार पहली बार नहीं है। नवंबर 2023 में दरभंगा ढ्ढद्वह्यके शिलान्यास के दौरान उन्होंने पीएम मोदी के पैर छूने की कोशिश की थी, और मार्च 2025 में होली मिलन समारोह में बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद के पैर छूने झुके थे।



# ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया: मोदी

## ताकि कोई सबूत न मांगे, पाकिस्तान ने आतंकियों के जनाजे में अपने झंडे लहराए

**अहमदाबाद।** पीएम नरेंद्र मोदी के गुजरात दौरे का आज दूसरा दिन है। उन्होंने गांधीनगर में 2 किमी लंबा रोड शो किया। इसके बाद गांधीनगर में गुजरात की शहरी विकास यात्रा के 20 साल पूरे होने के जश्न में हिस्सा लिया और 'शहरी विकास वर्ष 2025' की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने गुजरात के लिए 5,536 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया।



प्रधानमंत्री ने एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा- हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है इसीलिए वो आतंकवादी भेज रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को भुज में भी एक सभा की थी। यहां उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।



### गुजरात ने नमक से लेकर हीरे तक की यात्रा पूरी की

गुजरात ने नमक लेकर हीरे तक की यात्रा पूरी कर ली है। हमने योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए। हमारे सरकार मॉडल की चर्चा पूरे देश में हो रही है। पहले गुजरात में पर्यटन के बारे में कोई बात नहीं करता था, लेकिन अब विदेशी लोग घूमने के लिए गुजरात आते हैं। हमने जंगल से लेकर साहसिक खेलों तक का सफर तय किया है। कुछ दिन तो गुजारो गुजरात में- यह हमारा एड कैंपेन था। इसी कैंपेन से यूनिटी ऑफ स्टेच्यू बना। गिर फॉरेस्ट का विकास हुआ। सोमनाथ-द्वारका-अंबाजी का विकास हुआ। और हम विकास के रास्ते पर उसी रफ्तार से आगे भी बढ़ रहे हैं।

### हम जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे

इकोनॉमी में जापान को भी छोड़कर हम आगे निकल गए। जब हम छठे से पांचवे नंबर पर आए, तो पूरे देश में अलग ही जोश था। क्योंकि, हमने अपने ऊपर 250 सालों से राज करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया था। अब तीन नंबर पर आने का दबाव है। इकोनॉमी में तीसरे नंबर पर आने में भी देश ज्यादा इंतजार नहीं करेगा। अगर कोई इंतजार करने को कहेगा तो पीछे से आवाज आएगी मोदी है तो मुमकिन है। इसलिए हमारा लक्ष्य एक ही है कि देश का विकास हो। इसमें कोई समझौता नहीं होगा, हमें भारत का झंडा पूरी दुनिया में लहराना है।

### पाकिस्तान में आतंकवादियों के जनाजे पर पाकिस्तानी झंडे लगे

उन्होंने कहा, %जब आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। इस बार तो सबकुछ कैमरे के सामने किया। ताकि, कोई सबूत न मांगे। अब हमें सबूत नहीं देना पड़ा रहा है। सामने वाला ही दे रहा है। इसलिए इसको प्रॉक्सी वॉर नहीं कह सकते। क्योंकि जिन आतंकियों के जनाजे निकले। उनको स्टेट ऑनर दिया गया। उनके ताबूत पर पाकिस्तान के झंडे लगाए गए। यह सिद्ध करता है कि आंतकवादी कृत्य प्रॉक्सी वॉर नहीं है। यह सोची समझी युद्ध की रणनीति है। तो उसका जवाब भी वैसा भी मिलेगा।

# 4736 करोड़ का निवेश, 6 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार

### मोहन कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसलों पर लगी मुहर, महिला स्वास्थ्य शिविर लगेंगे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की कैबिनेट बैठक मंगलवार, 27 मई को वल्लभ भवन में आयोजित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अहम बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कई विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी भोपाल दौरे की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के साथ की गई। कैबिनेट बैठक की ब्रीफिंग करते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अहम फैसलों की जानकारी दी।



#### पीएम मोदी के भोपाल दौरे की तैयारी पर चर्चा

कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री की प्रस्तावित भोपाल यात्रा को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान सुरक्षा, यातायात, जनभागीदारी और कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था को लेकर अहम निर्देश दिए गए।

#### मुख्यमंत्री ने अफसरों को दिए स्पष्ट निर्देश

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबंधित विभागों और अधिकारियों को प्रधानमंत्री की यात्रा को सफल बनाने के लिए coordinated action की अपील की।

#### 3 जून को पचमढ़ी में होगी कैबिनेट बैठक

अगली कैबिनेट बैठक मध्य प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में आयोजित की जाएगी। 3 जून को यह मीटिंग जनजातीय राजा भभूत सिंह की याद में की जा रही है।

#### इन प्रस्तावों पर लगी मुहर

- नरसिंहपुर में आयोजित किसान सम्मेलन से राज्य को 4736 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है, जिससे 6000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।
- 28 मई को बैतूल में राज्य स्तरीय महिला उद्यमी मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमें महिलाओं की भागदारी भी प्रदेश के विकास में होगी।
- 29 मई को सभी जिलों में महिला स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच की जाएगी।

#### लोकमाता अहिल्याबाई पर आधारित किताब का विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट बैठक से पहले अहिल्या रूपेण संस्थिता नाम की किताब का औपचारिक विमोचन भी किया। यह किताब लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित है।

## एमपी में 8 दिन पहले एंटर हो सकता है मानसून, महाराष्ट्र में भी जल्दी पहुंचा

**भोपाल।** इस बार मध्यप्रदेश में मानसून की दस्तक 8 से 10 दिन पहले हो सकती है। सोमवार को मानसून महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे समेत कई शहरों में 15 दिन पहले ही पहुंच गया। इधर, मंगलवार को मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एमपी समेत देश में होने वाली बारिश को लेकर पूर्वानुमान भी जारी करेंगे।



प्रदेश में मानसून के आमद की सामान्य तारीख 15 जून है। हालांकि, पिछले कुछ सालों से यह 18 से 22 जून के बीच ही पहुंच रहा है। पिछले साल यानी 2024 में मानसून की 21 जून को एंट्री हुई थी। यह 6 दिन देरी से प्रदेश में पहुंचा था। इस बार जून के शुरुआत में ही मानसून के एंटर होने की उम्मीद है।

### बारिश-बिजली से केरल और महाराष्ट्र में 5 की मौत


केरल में सोमवार को तेज बारिश से जुड़ी घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई। बारिश-लैंड स्लाइड के चलते 29 घर ढह गए, 868 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रभावित जिलों में राहत शिविर खोले गए हैं। 11 जिलों पथानामथिट्टा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड़, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड में बारिश का रेड अलर्ट है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को देंगे इंदौर मेट्रो की सौगात

**भोपाल।** भारत का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर एक नये युग में प्रवेश करने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 31 मई, 2025 को भोपाल से वर्चुअली इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर यात्री सेवा का शुभारंभ करेंगे। यह लगभग 6 किलोमीटर का हिस्सा येलो लाइन का सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर है।



इसमें पाँच स्टेशन गांधीनगर स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 6 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 5 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 4 स्टेशन और सुपर कॉरिडोर 3 स्टेशन शामिल हैं। यह कॉरिडोर ट्रैफिक और प्रदूषण कम करेगा, साथ ही यात्रियों को आरामदायक सफर प्रदान करेगा। सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि इंदौर की आधुनिकता की ओर बढ़ती दिशा का प्रतीक भी है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को बड़ा बाग स्थित पुरानी बावड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम भोपाल द्वारा यहां कराए जा रहे जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

## मुख्यमंत्री ने घाटों की सफाई कर सफाई मित्रों का किया सम्मान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शीतलदास की बगिया में बड़े तालाब के घाटों की सफाई कार्य में सहभागिता की और सफाई मित्रों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने इसके उपरांत भोपाल टाकीज स्थित पुरानी बावड़ी के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन किया। आज बड़ा तालाब स्थित शीतल दास की बगिया (घाट) पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में 30 मार्च से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत साफ - सफाई हेतु श्रमदान किया एवं सफाई मित्रों का सम्मान भी किया। इस अवसर पर सासंद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, कलेक्टर विक्रम कौशलेंद्र, निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, एम आई सी सदस्य श्रीमती सुषमा बाविसा जोन अध्यक्ष श्रीमती आरती अनेजा, जोन अध्यक्ष श्रीमती बृजुला सचान, पार्षद श्रीमती प्रियंका मिश्रा, पदाधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



नित्या सेवा सोसाइटी एवं भोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने स्कूल बैग, कॉपियां एवं अन्य जरूरी सामान निःशुल्क वितरित किए

# बाल आश्रम के बच्चों के बीच समय बिताया और उनकी समस्याओं का निवारण किया



**भोपाल।** नित्या सेवा सोसाइटी एवं भोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. ज़ीशान अहमद और डॉ. ज़ोहेब अहमद ने मिलकर बाल आश्रम के बच्चों के बीच समय बिताया एवं उनकी समस्याओं का निवारण किया जिन्होंने कम उम्र में अपने माता-पिता का साया खो दिया। यह पहल न केवल इन बच्चों के लिए एक उम्मीद की किरण लाई, बल्कि समाज में मानवता और सेवा की भावना को भी मजबूत करने का एक अनुकरणीय उदाहरण बनी। इस अवसर पर बच्चों के लिए स्कूल बैग, कॉपियां एवं अन्य जरूरी सामान निःशुल्क वितरित किए गए, साथ ही उनके लिए स्वादिष्ट भोजन का भी आयोजन किया गया। नित्या सेवा सोसाइटी- सेवा का एक अनमोल प्रयास नित्या सेवा सोसाइटी लंबे समय से भोपाल में सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही है। यह संगठन उन बच्चों और समुदायों की मदद के लिए समर्पित है, जो समाज के हाशिए पर हैं। चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, या बुनियादी जरूरतें, नित्या सेवा सोसाइटी ने हमेशा जरूरतमंदों के लिए हाथ बढ़ाया है। इस बार, भोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. ज़ीशान अहमद और डॉ. ज़ोहेब अहमद के सहयोग से, सोसाइटी ने बाल आश्रम के बच्चों के लिए एक विशेष आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल बच्चों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना था, बल्कि उनके साथ समय बिताकर उन्हें भावनात्मक समर्थन और प्यार भी देना था।एक भावनात्मक मुलाकात डॉ. ज़ीशान अहमद, जो भोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक अनुभवी इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ और कंसल्टेंट फिजिशियन हैं, ने इस आयोजन के दौरान बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बताया, इन बच्चों की कहानियाँ सुनकर मेरा दिल भर आया। हममें से ज्यादातर लोग अपने बचपन में माता-पिता के प्यार और सुरक्षा में बड़े हुए, लेकिन इन बच्चों के लिए यह एक अधूरी ख्वाहिश है।

# दादाजी धाम मंदिर में महिलाओं ने किया वट सावित्री व्रत पूजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल



दादाजी धाम मंदिर के प्रांगण में पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री व्रत सोमवार को मनाया गया। सुहागिन महिलाओं नें वटवृक्ष का पूजन करके पति की दीर्घायु व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दिन व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा करते हैं। यह पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य व हर तरह के कलह और संतापों का नाश करने वाली मानी जाती है । सोमवार को सांय 5 बजे से महिलाओं भक्तों द्वारा भगवान , गणेश, शिव जी, माता रानी के भजन कीर्तन किए जिसमें वर्धमान सिटी, पटेल नगर एवं सिद्धार्थ लेक सिटी की महिलाएं शामिल हुई।

## महाआरती ,श्रीगुरु गीता पाठ और हनुमान चालीसा का किया सामूहिक पाठ



दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर में दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव ने बताया है कि ट्रस्ट के द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया जिसमे अधिक संख्या में भक्तों द्वारा महा आरती की गई। रविवार प्रातः श्री गुरु गीता पाठ एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भक्तों किया गया। बाद में उपस्थित सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# भागवत कथा में सुने प्रवचन अपने जीवन में उतारे: रामेश्वर शर्मा



## सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता सच्चे मित्र प्रेम और उदारता का प्रतीक

**संत हिरदाराम नगर।** सुखसागर उदासीन आश्रम संत हिरदाराम नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया गया। कथा के सातवें दिन आश्रम के गददीशीन महंत बाबा रामदास उदासीन के समक्षता में कालपी वृन्दावन के राम श्याम द्वारा हुआ। भागवत कथा पर राम व श्याम द्वारा श्री कृष्ण और सुदामा प्रसंग पर कथा सुनाते हुए कहा कि सुदामा और श्रीकृष्ण बचपन से ही मित्र थे और उन्होंने एक साथ शिक्षा प्राप्त की थी सुदामा गरीब ब्राह्मण थे और उनकी पत्नी उन्हें श्रीकृष्ण से मदद मांगने के लिए द्वारिका जाने के लिए उकसाती है। सुदामा जब द्वारिका पहुंचे तो श्रीकृष्ण ने उन्हें तुरंत पहचाना और अपने नंगे पैर ही उन्हें लेने के लिए दौड़े श्रीकृष्ण ने सुदामा का राजसी सम्मान किया और उन्हें अपने राज सिंहासन पर बैठाया।

श्रीकृष्ण ने सुदामा को धन और सम्मान दियाए और सुदामा की सभी परेशानियां दूर कर दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि भागवत कथा में सुने प्रवचन अपने जीवन में उतारे। जीवन में उतारने से ही ईश्वर की प्राप्ति होती है। दूसरी ओर वर्तमान में परिस्थितियों को देखते हुए हम अपनी बेटियों को भी कथा व सत्संग में साथ लाए जिससे उन्हें सनातन धर्म की जानकारी मिले और लव जिहाद पर अंकुश लगे। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## संत नगर की बेटी तनीषा ने रचा इतिहास



संत हिरदाराम नगर। अपनी प्रतिभा, समर्पण और कठिन परिश्रम से महज 13 वर्ष की उम्र में तनीषा आसनानी ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में 280 किलोग्राम भार उठाकर अद्भुत प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में तनीषा को एक स्वर्ण पदक एवं दो रजत पदक से सम्मानित किया गया। यह गौरवपूर्ण क्षण न केवल उनके परिवार और संतनगर के लिए बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए भी अत्यंत गर्व का विषय है। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, मण्डल अध्यक्ष मनीष बागवानी सहित कई भाजपा नेताओं ने पहुंचकर बधाई दी और तनीषा को सम्मानित किया। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि तनीषा आने वाले वर्षों में अंतरराष्टीय मंचों पर भारत का परचम लहराए यही शुभेच्छा है।

## अरेरा कॉलोनी ई3 की महिला मंडल की महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर हरियाली की रक्षा का लिया संकल्प



**भोपाल।** वट सावित्री पर्व पर अरेरा कॉलोनी ई3 की महिला मंडल की महिलाओं ने भी बड़ी श्रद्धा और विधि विधान से वट वृक्ष की पूजा अर्चना की परिक्रमा किया और रक्षा सूत्र बांधकर हरियाली की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।



## जीवन में हर परिस्थिति पर आपकी राय स्पष्ट होनी चाहिए: वेदांत संत लाल

**संत हिरदाराम नगर।** जीवन में हर परिस्थिति पर आपकी राय स्पष्ट होनी चाहिए चाहे वह सहमति हो या असहमति। वेदांत संत लाल साई ने उक्त विचार पूज्य सिंधी पंचायत के पूर्व स्वर्गीय अध्यक्ष साबूमल रीझवानी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। लालसाई ने कहा दादा के जीवन से मैंने यह सीखा था क्योंकि जब समाज में कोई अन्याय या गलत कार्य हो रहा हो और दादा रीझवाणी अगर उससे असहमत होते थे वो स्पष्ट कह देते थे इसलिए कहता हूँ कि आपकी असहमति खुले शब्दों में व्यक्त की जानी चाहिए। यदि आप चुप रहते हैं मौन साध लेते हैं तो आपकी यह चुप्पी आपकी सहमति मानी जाएगी और तब आप भी उसी गलत कार्य के सहयोगी और भागीदार समझे जाएँगे। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी ने कहा कि दादा साबूमल पूज्य सिंधी पंचायत के साथ समाज की शान थे उनकी सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हम उनके बताए हुए सेवा के मार्ग पर जीवन भर चलते रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा के आरंभ में गीता पाठ, सुखमनी पाठ के अलावा इसके पश्चात् झूलेलाल मंदिर में श्रद्धांजलि सभा में हुजूर क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा, दक्षिण पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारण के अलावा रीझवानी परिवार के चन्द्रभान रीझवानी, सुरेश रीझवानी व ओमप्रकाश रीझवानी और पंचायत के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

## बिजली चोरी की सूचना देने वालों को मिलेगी 10 फीसदी पारितोषिक राशि

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर सूचना देने वालों को 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इस राशि में से पांच प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचना देने वालों को सूचना सही पाए जाने पर जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश के तुरंत बाद किया जाएगा तथा शेष पांच प्रतिशत राशि पूर्ण वसूली उपरांत देय होगी। कंपनी में नियमित कर्मचारी/संविदा कर्मचारी/आउटसोर्स कर्मचारी भी सूचना देने वाला हो सकता है, जिसे सूचना सही पाए जाने पर पायी गयी अनियमितता के विरुद्ध भुगतान हेतु जारी किए गए देयक की पूर्ण वसूली के उपरांत क्षतिपूर्ति राशि का एक प्रतिशत देय होगा। कंपनी ने सूचना प्रक्रिया के बारे में बताया है कि अब पारितोषिक योजना की पूरी जानकारी जैसे बिलिंग और भुगतान से संबंधित गतिविधियों को ऑनलाइन कर दिया गया है। अब सूचना देने वाले को कंपनी के पोर्टल पर गुप्त रूप से दिए गए प्रारूप में बैंक खाता, पहचान क्र. (आधार अथवा पेन) देना अनिवार्य कर दिया गया है। योजना के अंतर्गत सूचना देने वाले के संबंध में जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखते हुए, कंपनी मुख्यालय से प्रोत्साहन की राशि सीधे संबंधित सूचना देने वाले के बैंक के खाते में हस्तांतरित की जाती है। कंपनी द्वारा योजना में सूचना देने वाले को निर्धारित शर्तों के अधीन पारितोषिक देने का प्रावधान है। इस राशि की अधिकतम सीमा नहीं है।

# नर्मदा पथ परिक्रमा के सर्वेक्षण और सफाई के लिये श्रमदान

**भोपाल।** प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में गतिविधियाँ लगातार जारी हैं। जिन जिलों में नर्मदा पथ परिक्रमा आती है, उनके सर्वेक्षण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। नर्मदा नदी के घाटों की सफाई का कार्य सामूहिक भागीदारी से किया जा रहा है। जन-समुदाय को जल संरक्षण की शपथ दिलायी जा रही है। इसी के साथ आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए व्यापक पौध-रोपण की योजना भी तैयार की जा रही है। देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम बालौदा में तालाब गहरीकरण का काम किया जा रहा है। ग्रामीणों को बताया गया कि तालाब गहरीकरण के काम में तकनीकी मापदण्डों के अनुसार काम करना बहुत ज़रूरी है। इससे ग्रामीणों को तालाब का फायदा लम्बे समय तक मिल सकेगा और जल स्तर भी बढ़ेगा। जिले के बागली विकासखण्ड के ग्राम बरखेड़ा सोमा में सेंधला नदी की साफ-सफाई की एवं गंदगी को बाहर किया गया। जिले में प्राचीन बावड़ियों को चिन्हित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ग्रामीणों को इनके इतिहास के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। जिले में कुछ प्राचीन बावड़ियों में जन-भागीदारी से साफ-सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मण?डला जिले में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में नर्मदा पथ सर्वेक्षण यात्रा आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत मधुपुरी में माँ नर्मदा का पूजन-अर्चन गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया। जन-अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक श्री संतोष कुमार झारिया ने जन-सामान्य को नर्मदा पथ सर्वेक्षण यात्रा का उद्देश्य बताया। इस मौके पर संगोष्ठी में स्थानीय घाटों में मौजूद मठ, मंदिर और आश्रमों में साधु-संतों और परिक्रमावासियों के रुकने की व्यवस्था पर चर्चा की गयी। ग्रामीणों के साथ मिलकर संगोष्ठी के पहले घाट की सफाई की गयी। ग्रामवासियों को नदी को स्वच्छ रखने की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के दौरान गुरु घाट आश्रम मधुपुरी के महंत श्री जुगल दास त्यागी महाराज, मार्कंडेय आश्रम के बलदेव दास महाराज ने ग्रामवासियों को माँ नर्मदा के धार्मिक आस्था के बारे में जानकारी दी। मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद द्वारा भोपाल जिले के विकासखण्ड फंदा में सुखवंत राव की बावड़ी में सफाई कार्य किया गया।

## एलएन मेडिकल कॉलेज और डीके सोशल वेलफेयर ग्रुप ने आयोजित किया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर



**भोपाल।** आकांक्षा गर्ल्स हॉस्टल, कटारा हिल्स, भोपाल में सर्वाइकल कैंसर कैम्प, जे.के. हॉस्पिटल, एल.एन. मेडिकल कॉलेज और डी.के. सोशल वेलफेयर ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर खासतौर पर वहाँ जेईई की तैयारी कर रही छात्राओं के लिए लगाया गया था। इस अभियान का निर्देशन डॉ. ए.के. चौधरी (डायरेक्टर, जे.के. हॉस्पिटल), डॉ. सौम्या जैन और डॉ. अचिंत्य जैन (संस्थापक एवं चेयरपर्सन, डी.के. सोशल वेलफेयर ग्रुप व बी.सी.सी.) के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर, एचपीवी वैक्सीन, सिकल सेल एनीमिया, ब्रेस्ट कैंसर और स्व-परीक्षण जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों पर जानकारी दी गई और उन्हें प्रशिक्षित किया गया। इस सफल आयोजन में कई समर्पित युवा डॉक्टरों ने स्वयंसेवकों के रूप में भाग लिया और छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। इन वॉलंटियर्स में डॉ. प्रकाश यादव, डॉ. उदय शर्मा, डॉ. शिवानी पोर्वाल, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. विराजय शुक्ला, डॉ. शैलवी मल्लीवाल, डॉ. सिमरन सिंह, डॉ. शिवम चौहान, डॉ. पारुल वर्कड़े और डॉ. निशा नागपाल शामिल रहे। इन सभी ने अपनी सेवाभावना और समर्पण से छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई।

# सिंधी कढ़ाई हुरमुचो कार्यशाला का समापन, नन्हीं बेटियों और बुजुर्ग महिलाओं ने सीखी कढ़ाई

## 2100 साल पुरानी सिंध की कला हुई ताजा, हर साल आयोजित होगी इस तरह की कार्यशाला

**संत हिरदाराम नगर।** सिंधी कम्युनिटी हाल प्रभूनगर, नानक टेकरी में 15 मई से 25 मई तक आयोजित दस दिवसीय सिंधी कढ़ाई कार्यशाला का समापन किया गया। प्रशिक्षणार्थियों में जबरदस्त उत्साह और प्रशिक्षणार्थियों की मांग को देखते हुए हर वर्ष इस प्रकार की कार्यशाला आयोजित करने की घोषणा पंचायत अध्यक्ष किशोर तनवानी ने की। बलदेव खेमानी साख सहकारी समिति की तरफ से कढ़ाई व्यापार में आने वाली महिलाओं के सहयोग के लिये 2 लाख तक का ऋण, न्यूनतम ब्याज पर देने और इस व्यवसाय का बढ़ाने में पूर्ण सहयोग की घोषणा की। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पूनम तोलानी, महक कुकरेजा, मीनाक्षी दावानी चावला और नन्हीं बेटियों में पलक चांदवानी, देवांशी चंदनानी, वीरा कुंदवानी के साथ ही बुजुर्ग महिलाओं मोहिनी पंजवानी 86 वर्ष और लीला रानी लाला 75 वर्ष ने भी कार्यशाला में पूरे समय भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस कार्यशाला का आयोजन सिंधी सेन्ट्रल पंचायत भोपाल और सिंधी सेन्ट्रल पंचायत सहकारी साख समिति मर्यादित भोपाल के संयुक्त रूप से किया था। इस अवसर पर सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष किशोर तनवानी, साख सहकारी समिति के अध्यक्ष बलदेव खेमानी के अलावा भगवानदास सबनानी और पंचायत के मुख्य सलाहकार भगवानदेव ईसरानी ने भी संबोधित किया। सबनानी ने इस कला को प्रदेश स्तर पर सिखाए जाने की आवश्यकता बताई और कहा कि वे शासकीय स्तर पर भी प्रमुख शहरों में इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन कराने का प्रयास करेंगे। मुख्य प्रशिक्षक सरला सुनेजा और सहायक प्रशिक्षक आशा कुशवाहा, कार्यक्रम की संयोजक गुंजन सावलानी, सहयोगी सोमेश मेंघानी, प्रेम सावलानी, हर्ष सावलानी का सम्मान भी किया गया। कार्यशाला में गैर सिंधी समाज के की महिलाओं ने भी भाग लिया जिसमें अनुराधा जयसवाल, राखी बतरा, अनुजा निगम शामिल है।




**क्या है हुरमुचो कढ़ाई :** हुरमुचो सिंधी भाषा का शब्द है। इस कशीदाकारी में कपडे पर न तो कोई रेखांकन किया जाता है और न ही ट्रेसिंग होती है। इसे एक टांके से बनाया जाता है जिसे हुरमुचो टांका कहते हैं। डिजाइन की सबसे छोटी इकाई को भुगडो कहते हैं। इसमें पारंपरिक बूटियों पेसडो, मशकरो, रूपयो, मुन्नी चक्की, चौचक्की को डिजाइन किया जाता है। सिंधी विवाह में दूल्हे के सिर पर इसी कढ़ाई से बनीं बोछणी रखी जाती है। जो सिंध की याद ताजा करती है।

## शासकीय शालाओं के विद्यार्थियों की सहभागिता से सांस्कृतिक आयोजन अनुगूंज

**भोपाल।** अनुगूँज मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वैश्विक शिक्षा प्रणाली साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, ऑर्ट और मेथेमेटिक्स (स्ज्ञश्वरू) की दिशा में कला से समृद्ध शिक्षा का आयोजन है, जिसमें विद्यार्थी अपनी कलात्मक, सांस्कृतिक अभिरुचियों का प्रदर्शन करते हैं। राष्टीय शिक्षा नीति-2020 विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए कला और संस्कृति के समावेश की दिशा प्रशस्त करती है। इस आयोजन में आत्मानुशासन, लगन, उत्साह और जोश के साथ विभिन्न शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी अपनी अभिव्यक्ति को नये सौपान देने का प्रयास करते हैं। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर अनुगूँज के आकल्पन को साकार और सार्थक करने के लिये प्रदेश के ख्याति प्राप्त संस्कृति धर्मियों को मेंटर्स के रूप में संयोजित किया जाता है।

## डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

**भोपाल।** प्रदेश के समस्त शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) एवं अशासकीय महाविद्यालयों में डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिये आवेदन प्रक्रिया मंगलवार 27 मई से प्रारंभ हो रही है। योग्य अभ्यर्थी 27 मई, 2025 से एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से प्रवेश के लिये पंजीयन कर सकेंगे। उक्त संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की बेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रथम चरण के प्रवेश पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित की गयी है। उल्लेखनीय है कि उक्त संस्थानों में डीएलएड पाठ्यक्रम की नियत सीटों पर प्रवेश, अभ्यर्थी के कक्षा 12वीं में प्राप्तांकों के आधार पर मैरिट अनुसार शासन द्वारा आरक्षण संबंधी जारी निर्देशों के तहत किये जायेंगे। अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर आरक्षण नियमों के अनुसार मेरिट सूची 6 जून को तथा योग्य अभ्यर्थियों को विभिन्न संस्थानों में प्रवेश आवंटन 7 जून से 10 जून तक जारी किये जायेंगे। चयनित अभ्यर्थी 11 जून से 16 जून के मध्य उन्हें आंवटित संस्थानों में प्रवेश ले सकेंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी की भोपाल यात्रा को लेकर चल रही जोरदार तैयारियां

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों की बैठक लेकर की तैयारियों की समीक्षा







सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आगामी 31 मई को भोपाल में हो रहे महिला सशक्तिकरण और स्वावलम्बन महासम्मेलन में पधार रहे हैं। लोकमाता देवी अहिल्या बाई जी के त्रि शताब्दी जयंती समारोह के अवसर पर यह विशेष महासम्मेलन हो रहा है। समारोह को गरिमामय रूप से आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में प्रधानमंत्री श्री मोदी की यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव गत 21 मई को इस महासम्मेलन के स्थल भोपाल के जम्बूरी मैदान पहुंचकर जायजा ले चुके हैं। बैठक में प्रस्तुत प्रजेंटेशन में बताया गया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री श्री मोदी लोकमाता देवी अहिल्या बाई को समर्पित विशेष डाक टिकट और सिक्के का विमोचन भी करेंगे। इसके साथ ही इंदौर में



मेट्रो रेल परियोजना के लोकार्पण और उज्जैन में क्षिप्रा के विभिन्न घाटों के भूमिपूजन-लोकार्पण भी होगा। कार्यक्रम में एक लघु फिल्?म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, संस्कृति विभाग, जिला प्रशासन भोपाल सहित अन्य संबंधित विभागों एवं एजेंसियों को इस महासम्मेलन के व्यवस्थित आयोजन के लिए दिए गए दायित्वों पर भी चर्चा हुई। महासम्मेलन में बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों, स्व सहायता समूहों की सदस्य, लाड़ली बहनों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं की भागीदारी रहेगी। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेश कैलाश मकवाना तथा अन्य विभागों के अपर मुख्य सचिव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।









# निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने सतत संपर्क में रहकर सहयोग करें : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राप्त 49,990 करोड़ के 180 निवेश प्रस्ताव प्रस्तावों की वृहद समीक्षा की



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि निवेशकों से नियमित संवाद सुनिश्चित किया जाए और प्रस्तावों को मूर्त रूप देने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि निवेशकों से चर्चा कर उनकी ऐसी आवश्यकताओं की पहचान की जाए जिनमें शासन या प्रशासन का सहयोग अपेक्षित है, उनके समाधान के लिए अंतरविभागीय समन्वय किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र से संबंधित निवेश प्रस्तावों की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पूर्व निवेश नीति के पात्र निवेशकों को अनुदान (सब्सिडी) वितरण के लिए प्रशासनिक औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण और अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं और प्रदेश को मेडिकल हब के रूप में विकसित किया जाए। बैठक में निवेश प्रस्तावों की प्रगति, भूमि उपलब्धता, नीति लाभ, एवं प्रशासनिक सहयोग पर भी विस्तृत चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नवीन हेल्थ सेक्टर इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी - 2025 में प्रदेश के हर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विकास हेतु ठोस प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि कैटेगरी 'क्क' और 'ष्ट' शहरों के लिए प्राप्त प्रस्तावों के साथ-साथ वृहद परियोजनाओं पर सुनियोजित योजना बनाकर कार्य किया जाए। प्रदेश में अब तक स्वास्थ्य अधोसंरचना क्षेत्र के कुल 180 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनकी कुल अनुमानित लागत 49,990 करोड़ रुपये है। इन प्रस्तावों में कैटेगरी '' के लिए 155 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनकी लागत 47,856 करोड़ रुपये है। कैटेगरी 'क्क' में 1,911 करोड़ रुपये लागत के 18 प्रस्ताव और कैटेगरी 'ष्ट' में 222 करोड़ रुपये के 7 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। कुल प्रस्तावों में से 500 करोड़ 222 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 12 वृहद प्रस्ताव भी शामिल हैं। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी, संचालक प्रोजेक्ट श्री नीरज कुमार सिंह, एवं एमपीआईडीसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू से की सौजन्य भेंट



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजरापु राम मोहन नायडू से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने विंध्य क्षेत्र में हवाई सेवाओं के विस्तार पर सार्थक चर्चा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा से इंदौर, हैदराबाद, दिल्ली एवं प्रयागराज जैसे प्रमुख नगरों के लिए एटीआर-72 विमानों के माध्यम से नियमित उड़ानों की आवश्यकता एवं जनसामान्य की अपेक्षाओं से केंद्रीय मंत्री श्री नायडू को अवगत कराया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट से इन महानगरों के लिए हवाई संपर्क स्थापित होने से क्षेत्रीय व्यापार, शिक्षा, पर्यटन एवं स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी तथा रीवा सहित पूरे विंध्य क्षेत्र को समावेशी विकास में समुचित स्थान मिलेगा। केंद्रीय मंत्री श्री नायडू ने प्रस्तुत सुझावों और मांगों पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया।

## प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर हुई महिला मोर्चा की विशेष बैठक



**भोपाल।** लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा की विशेष बैठक में सहभागिता कर आयोजन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। महिला शक्ति की भागीदारी और भूमिका को केंद्र में रखते हुए इस ऐतिहासिक अवसर को भव्य और जनसरोकारों से जुड़ा बनाने के लिए रणनीतियाँ तय की गईं। हम सभी समर्पित भाव से इस गौरवशाली आयोजन के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, विधायक एवं मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय आदि उपस्थित रहे।

## कैंसर से पीड़ित मरीजों की निःस्वार्थ भाव से की जा रही सेवा अनुकरणीय: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कैंसर के मरीजों की निस्वार्थ भाव से की जा रही सेवा अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विराट हॉस्पिस जबलपुर में भर्ती कैंसर मरीजों से भेंट की, जिन्हें डॉक्टर भी जबाब दे चुके हैं और गरीब परिवारों के होने की वजह से जीवन के अंतिम समय में उन्हें देखभाल के लिये रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को विराट हॉस्पिस जबलपुर में इस निस्वार्थ कार्य को संचालित करने वाली साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी से भी भेंट की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मरीजों से भेंट की और उनकी कुशल क्षेम जानी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ब्रह्मर्षि वावरा मिशन द्वारा संचालित यह प्रकल्प मानवता की सेवा की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने यहां गरीब परिवारों के कैंसर के मरीजों को दी जा रही सेवा और देखभाल के लिये साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी और उनके सहयोगियों को साधुवाद दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैंसर मरीजों से भेंट करने के पहले विराट हॉस्पिस परिसर में निर्माणाधीन कैंसर अस्पताल भवन का अवलोकन किया। विराट हॉस्पिस के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अखिलेश गुमास्ता ने ब्रेकी थेरेपी यूनिट सहित कैंसर मरीजों के उपचार के लिये निर्माणधीन अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। इस अस्पताल में कैंसर मरीजों का उपचार निःशुल्क दिया जायेगा। कैंसर मरीजों की रेडियो थेरेपी के लिए यहां अत?याधुनिक कोबॉल?ट मशीन भी स?थापित की जा रही है। भाभा एटमिक रिसर्च सेंटर से अनुमोदन मिलने के बाद इससे भी उपचार प्रारंभ कर दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विराट हॉस्पिस परिसर में स्थित गौशाला का भी अवलोकन किया। उन्होंने यहाँ गायों को गौ-ग्रास खिलाया। हॉस्पिस में भर्ती कैंसर के मरीजों को इसी गौशाला की गायों का दूध दिया जाता है और मरीजों को दिये जा रहे भोजन को पकाने में बायो गैस का इस्तेमाल किया जाता है। परिसर में लगाई गई आर्गेनिक सब्जियां ही मरीजों को भोजन में परोसी जाती हैं। करीब सवा तीन एकड़ क्षेत्र में फैले विराट हॉस्पिस परिसर में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। परिसर में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाये गये हैं, ताकि यहाँ से निकला पानी नर्मदा नदी में जाकर न मिले।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विराट हॉस्पिस की संस्थापक साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी द्वारा संचालित एक अन्य प्रकल्प ब्रम्हर्षि बावरा नर्मदा विद्यापीठ की कक्षा दसवीं की छात्रा माही बर्मन को वार्षिक परीक्षा में 96.6 प्रतिशत, कक्षा 11वीं की गणित संकाय की छात्रा चांदनी अहिरवार को 85 प्रतिशत और कक्षा 12वीं की वाणिज्य संकाय की छात्रा अनुराधा लोधी को वार्षिक परीक्षा में 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त होने पर प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री को इस अवसर पर विराट हॉस्पिस की ओर से आर्गेनिक सब्जियां और गिर गाय का घी भेंट किया गया। विराट हॉस्पिस के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अखिलेश गुमास्ता द्वारा अंग्रेजी में अनुवादित की गई रामायण की प्रति सौंपी गई।

मुख्यमंत्री के विराट हॉस्पिस के भ्रमण के दौरान लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक श्री अजय विश्नोई एवं श्री अशोक रोहाणी, तेलघानी बोर्ड के

## एक्सटेंड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविरों में हुई 13 सौ से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच

### निजी अस्पतालों के डॉक्टर्स ने शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में की निशुल्क जांच

**भोपाल।** 26 मई को आयोजित एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविरों में 1324 गर्भवती महिलाओं की जांच कर हाई रिस्क प्रेगनेंसी को चिह्नित किया गया। गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल डिस्पेंसरी, संजीवनी क्लिनिक के साथ साथ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जवाहरलाल नेहरू गैस राहत हॉस्पिटल, इंदिरा गांधी गैस राहत अस्पताल, हमीदिया अस्पताल, खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में शिविर आयोजित हुए। शिविरों में चिह्नांकित हाईरिस्क महिलाओं की विशेष चिकित्सकीय देखभाल एवं अतिरिक्त फॉलोअप किया जा रहा है।

अभियान के तहत निजी स्वास्थ्य संस्थाओं के चिकित्सकों द्वारा माह में दो बार शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में आकर निशुल्क परामर्श दिया जा रहा है। शिविरों में 167 महिलाओं की निजी सोनोग्राफी केंद्रों के माध्यम से चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार निशुल्क सोनोग्राफी भी करवाई गई। साथ ही जांच हेतु महिलाओं को लाने एवं घर छोड़ने की सुविधा 108 एंबुलेंस द्वारा निशुल्क दी गई। 26 तारीख को आयोजित शिविर में 366 महिलाओं को गर्भावस्था प्रेरित उच्च रक्तचाप, पूर्व में सीजेरियन प्रसव होने, एनीमिया, हैबिचुअल अबॉर्शन, पूर्व में मृत शिशु जन्म, ग्रैंड मल्टीपैरा, माल प्रेजेंटेशन जैसी विभिन्न जटिलताओं के आधार पर चिह्नांकित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि एक्सटेंड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में चिह्नांकित हाईरिस्क महिलाओं को सुरक्षित प्रसव होने तक निरंतर फॉलोअप किया जाता है। मातृ मृत्यु दर को कम करने में इन शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## उपाय ऐप के जरिए विद्युत संबंधी हर शिकायत का समाधान, देयक प्राप्त और जमा करने की भी सुविधा

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जारी उपाय ऐप के जरिए विद्युत संबंधी अनेक तरह की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। कंपनी ने कहा है कि आंधी, तूफान एवं अन्य कारणों से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण के लिए उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करें और अपनी शिकायत का त्वरित समाधान कराएं। कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से इस ऐप को निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। गौरतलब है कि उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय ऐप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करने के साथ ही शिकायत की स्थिति भी जान सकते हैं। बिजली कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ताओं के लिए उपाय ऐप के माध्यम से कई फायदे हो सकते हैं, जैसे उपाय ऐप के रजिस्टर कंम्पलेंट ऑप्शन्स की सहायता से विद्युत व्यवधान या बिल संबंधी शिकायत दर्ज कर शिकायत क्रमांक प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद उपभोक्ता दर्ज शिकायत के निराकरण की स्थिति भी उपाय ऐप के माध्यम से जान सकते हैं। वहीं उपभोक्ता अपने वर्तमान बिल को डाउनलोड करने के साथ ही बिल भुगतान भी कर सकते हैं।

## संपादकीय

# कुछ वर्षों में बिखरने लगी है प्रकृति की गति और लय, तेजी से बदल रहा है मौसम


भारत में मौसम के बदलते मिजाज की यह नई तस्वीर है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का मानना था कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं से मौसम बदला। मगर इसके बाद मौसम इस कदर पलटेगा और भयावह तूफान आएगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। प्रकृति की अपनी गति होती है, लेकिन दुख की बात है कि उसकी लय पिछले कुछ वर्षों में बिखरने लगी है। पिछले कुछ दिनों में देश के अलग-अलग हिस्से में कहीं तेज आंधी चली, तो कहीं मूसलाधार बारिश ने कहर बरपाया। दरअसल, वैश्विक ताप बढ़ने के साथ न केवल भारत में, बल्कि दुनियाभर में मौसम का चक्र टूट रहा है। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में अप्रत्याशित आंधी-बारिश आई। राजधानी सहित देशभर के ज्यादातर हिस्से में जहां मई में भीषण गर्मी पड़ती है, वहीं इस बार मौसम इस कदर बदला कि लोगों को विश्वास ही नहीं हुआ कि यह बारिश का मौसम है या गर्मी का।

मौसम विभाग ने ही बताया कि पिछले शनिवार को हुई बारिश ने 125 वर्ष का रेकार्ड तोड़ दिया। कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए और रिहाइशी इलाकों में भी काफी नुकसान हुआ। राजधानी में तेज आंधी और बारिश के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इसे सहज माना जाए या फिर जलवायु परिवर्तन की चेतावनी समझा जाए।

हाल ही में बंगलुरु में लगातार बारिश से जन-जीवन थम-सा गया। घरों में पानी घुस गया। सड़कों पर नावें भी चलीं। महाराष्ट्र में भी कमोबेश यही स्थिति पैदा हुई। दूसरी ओर मानसून ने केरल में इस बार समय से पहले दस्तक दे दी है। हैरत की बात यह है कि कोई पंद्रह साल बाद यह सबसे जल्दी आया है। यह आमतौर पर एक जून को आता है, लेकिन इस वर्ष यह न केवल पहले आया, बल्कि देखते ही देखते कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों पर भी छा गया।

भारत में मौसम के बदलते मिजाज की यह नई तस्वीर है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का मानना था कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं से मौसम बदला। मगर इसके बाद मौसम इस कदर पलटेगा और भयावह तूफान आएगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। विचित्र बात है कि एक ओर दक्षिण-पश्चिम भारत में बारिश हो रही है, तो उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत के कई राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। कहीं तेज हवाएं चलने के कारण लोगों को सतर्क किया जा रहा है, तो कहीं आंधी चलने की चेतावनी जारी की जा रही है। मौसम के बदलते तेवर के जोखिम से जनहानि का अंदेशा भी बना रहता है। वहीं रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ता है। पिछले दिनों कई उड़ानों के मार्ग बदलने पड़े। दरअसल, पश्चिमी विक्षोभ आमतौर पर सर्दियों में बारिश की वजह बनता है। अगर यह मई के महीने बारिश की वजह बन रहा है, तो इसे गंभीरता से समझने की जरूरत है। समय पूर्व और तीव्रता से आंधी-बारिश जैसी परिस्थितियां जलवायु परिवर्तन की वजह से तो नहीं हो रही है? मौसम विज्ञानी पहले से ही चेतावनी देते रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि बढ़ते वैश्विक तापमान ने वायुमंडल की नमी धारण करने की क्षमता बढ़ा दी है।

# मोदीमय 'मोहन' की कार्यशैली के मुरीद हुए 'धनखड़'



कौशल किशोर चतुर्वेदी

राज्यसभा के सभापति उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की कार्यशैली से तो सभी परिचित हैं। उनका अक्खड़पन और स्पष्टवादिता हर समय ही विपक्षी दल के सांसदों को अखरती होगी, तो सत्ता दल के सांसदों के मन पर धनखड़ राज करते हैं। पर मध्यप्रदेश की धरती पर पहुंचे धनखड़ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कार्यशैली के मुरीद नजर आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल आगमन से पांच दिन पहले नरसिंहपुर की धरती पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मोहन यादव की जमकर तारीफ की। अवसर था कृषि-उद्योग समागम 2025 के शुभारंभ का। धनखड़ बोले कि कृषि विकास से ही देश में समृद्धि आयेगी। मध्यप्रदेश की तर्ज पर हर राज्य में कृषि उद्योग समागम हों।उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कृषि उद्योग समागम के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस पहल का अन्य राज्यों को भी अनुसरण करना चाहिए। किसान हमारे अन्नदाता हैं। अन्नदाताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि किसान भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। खुलकर तारीफ करते हुए कहा कि 'मुख्यमंत्री डॉ. यादव बेहद कर्मठ और कार्यशील है। कोई ऐसा दिन नहीं रहता, जब वे गांव, गरीब और किसान की चिंता न करें।' मध्यप्रदेश सरकार ने गांव-किसान और उद्योग को जोड़ने की अभिनव पहल शुरू की है।

तो धनखड़ ने खेती और किसानों की तारीफ की, कि खेती-किसानी देश की अर्थव्यवस्था की नींव है। यह हमारी प्रगति का मूल आधार है। कृषि के क्षेत्र में विकास और नित नए नवाचार जरूरी हैं, इससे कृषि के विकास से ही देश में समृद्धि आएगी। देश का उदर-पोषण करने वाले अन्नदाता की खुशहाली में ही हमारे देश की खुशहाली सन्निहित है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कृषि-उद्योग समागम के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि देश का हर राज्य मध्यप्रदेश की इस पहल का अनुकरण करेगा। धनखड़ ने कहा कि विकसित भारत का



रास्ता गांव और किसान के खेत से निकलता है। देश में विकसित भारत के लिए महायज्ञ चल रहा है इसमें सबसे बड़ी आहूति किसान भाइयों की ही है। किसान केवल फसल उत्पादन तक सीमित न रहें। उन्हें खाद्य प्र-संस्करण, व्यापार और मार्केटिंग भी सीखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के किसान भाइयों के परिश्रम से ही '2047 तक विकसित भारत' का लक्ष्य पूरा होगा। किसान अधिक से अधिक कृषि आधारित उद्योग स्थापित करें। उन्होंने सुझाव दिया कि अन्नदाता को उद्यमी बनाने के लिए स्थानीय सांसद और विधायक गांवों को गोद लें, किसानों को समृद्ध बनाएं, जिससे खेती में नई तकनीक का इस्तेमाल हो और हर गांव में समृद्धि आए। उन्होंने कहा कि देश में 720 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नेतृत्व में सभी संस्थान बेहद सजग होकर कार्य कर रहे हैं। धनखड़ ने कहा कि देशभर में किसानों को हर तरह की सहूलियतें दी जा रही हैं। अब तक 10 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिला है। उनके खातों में 3 लाख 46 हजार करोड़ रुपए अंतरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को दूध, फल और सब्जियों में देश का नेतृत्व करना चाहिए। कृषि सिर्फ खेती का क्षेत्र नहीं है, इसका उद्योग से बड़ा जुड़ाव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह पहल सराहनीय है। प्रदेश में नारी शक्ति को जिला पंचायतों की कमान मिलना भी लोकतंत्र की शक्ति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के मामले में प्रधानमंत्री का संकल्प एक लौहपुरूष की तरह है। भारतीय सेना के पराक्रम ने हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। ये नया भारत है, जो 70 साल में नहीं हुआ, वो प्रधानमंत्री ने कर दिखाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पहला कृषि मेला सीतामऊ (मंदसौर) में हुआ था, इसके बाद महाकौशल क्षेत्र का कृषि उद्योग समागम नरसिंहपुर में हो रहा है। तीसरा कृषि मेला जुलाई महीने में सतना और चौथा कृषि मेला चंबल के मुरैना में आयोजित होगा। इसके बाद 12 से 14 अक्टूबर तक राज्यस्तरीय कृषि मेला भोपाल के पास सीहोर में आयोजित किया जाएगा। नरसिंहपुर में यह कृषि उद्योग समागम 28 मई तक चलेगा। इसका उद्देश्य प्रदेश की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन से जोड़ते हुए निवेश, नवाचार और रोजगार के अवसरों के नए द्वार खोलना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि के मामले में शस्य श्यामला है। नरसिंहपुर पर मां नर्मदा की विशेष कृपा है। नरसिंहपुर जिला दाल का कटोरा है, यहां की तुअर दाल को जीआई टैग मिला है। दाल उत्पादक किसान देशभर में पहचान बना चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। मध्यप्रदेश तो नदियों का मायका है। मध्यप्रदेश 247 नदियों का उद्गम है, जो देश में सर्वाधिक है। यहां घने जंगल नदियों एवं जलराशि को समृद्ध करते हैं। मध्यप्रदेश को मां नर्मदा का आशीर्वाद मिला हुआ है। नर्मदा मध्यप्रदेश के साथ-साथ गुजरात और राजस्थान को भी जल प्रदान करती है। महाकौशल, मालवा और निमाड़ का कुछ हिस्सा मां नर्मदा से सिंचित है। मालवा की तरह बुंदेलखंड में केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना से समृद्धि आएगी। स्व. श्री अटलजी का सपना पूरा करते हुए प्रदेश सरकार ने तीन बड़ी नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया है। पार्वती-काली सिंध-चंबल और तापी मेगा रिचार्ज परियोजना के माध्यम से मध्यप्रदेश विश्वस्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में सर्वाधिक गेहूं उत्पादन में मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर है। राज्य सरकार ने किसानों से 2600 रूपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा है। नई कृषि तकनीकों और नवाचारों से किसानों का जीवन और बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार मिशन मोड पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन 'ज्ञान' को? क्रियान्वित करने के लिए हमारी सरकार ने गरीब, युवा, किसान (अन्नदाता), और नारी के सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में चार मिशन लॉन्च किए हैं। किसान कल्याण मिशन इसी दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। हमने किसानों को 32 लाख सोलर पंप बांटने की योजना लागू की है। किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप दिए जा रहे हैं। किसानों को सम्पन्न बनाने के लिए सरकार ने किसान मेले शुरू किए हैं इसमें अन्नदाताओं को अनुदान पर आधुनिक कृषि यंत्र दिए जाएंगे।

यानि कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जहां हर समय की तरह नरसिंहपुर में भी मोदीमय रहे, तो प्रदेश की धरती पर आए उपराष्ट्रपति धनखड़ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कार्यशैली के मुरीद नजर आए। मोदी के मध्यप्रदेश दौरे के पांच दिन पहले धनखड़ की यह यात्रा मोहन के किसानों के प्रति समर्पण को समर्पित मानी जा सकती हैज।

# छोटी कार और बड़े कर ?

राकेश दुबे

देश में कार बाज़ार के आँकड़े का चित्र कुछ यूँ है - अधिक महंगे और ज्यादा कर वाले स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल्स (एसयूवी) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2024-25 में बिके कुल यात्री वाहनों में 50 प्रतिशत से अधिक रही। इनकी बिक्री और भी बढ़ने की संभावना है। मगर इस वित्त वर्ष में छोटी कारों की बिक्री केवल दो प्रतिशत बढ़ी।

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुज़ूकी से भी संकेत लिया जा सकता है। वित्त वर्ष 2025 में कारों की देसी बिक्री 2.6 प्रतिशत बढ़ी मगर छोटी कार (जिनकी लंबाई 4 मीटर से कम होती है और इंजन 1,200 से 1,500 सीसी का होता है) की बिक्री 9 प्रतिशत घट गई। टाटा मोटर्स और ह्युंडै की छोटी कारें 3 प्रतिशत कम बिकीं। बाजार में इस बदलाव के अर्थव्यवस्था पर असर होंगे। वाहन उद्योग देश के विनिर्माण क्षेत्र के करीब आधे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और कुल जीडीपी के 7 प्रतिशत के बराबर योगदान करता है। यह बाजार आम तौर पर छोटी कारों से ही चलता है। कार बाजार के जानकारों का कहना है कि लोगों की आय ठहर जाने के कारण छोटी कारों की बिक्री घटी है। देश में सालाना 12 लाख रुपये से अधिक आय वाले केवल 12 प्रतिशत परिवार हैं। मारुति के चेयरमैन आर सी भार्गव कहते हैं कि 88 प्रतिशत परिवार कार बाजार से बाहर हैं। वह नियमों के कारण बढ़ते खर्च की बात भी करते हैं और कहते हैं कि छह एयरबैग लगाए जाने और कर बढ़ाए जाने से भी छोटी कार बाजार से बाहर हो रही हैं। वाकई आज ऐसी कोई छोटी कार नहीं है, जिसकी कीमत 3 लाख रुपये से कम हो और जिसे घर लाने के लिए 4 लाख रुपये के कम चुकाने पड़ते हों।

कई कारक दबी मांग की ओर भी इशारा कर रहे हैं, जो कीमत और आय की बाड़ लांघ सकती है। सबसे पहले तो एसयूवी ग्राहकों में उनकी संख्या बढ़ रही है, जो पहली कार खरीदने आए। पहले ऐसे ग्राहक छोटी कार ही खरीदते थे। इससे पता चलता है कि छोटी कारें हमेशा से चली आ रही बढ़त खो रही हैं। दूसरी बात, पिछले वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों का बाजार बढ़ा, जिसका मतलब है कि वाहन खरीदने वाले अब भी कीमत को तवज्जो देते हैं। तीसरी बात, सेकंड हैंड कारों का बाजार भी तेज दौड़ रहा है, जहां छोटी कारों और सिडैन का बोलबाला है। इससे पता चलता है कि कार कंपनियां लंबे समय तक ऐसे बाजार में गाड़ी बेचती रहीं, जहां अधिक विकल्प ही नहीं थे। मगर अब ग्राहकों को छोटी कारों के बाजार तक लाने के लिए उन्हें कुछ नया सोचना होगा। सच में ह्युंडै के टॉल-बॉय मॉडल और टाटा मोटर्स की नैनो के अलावा इस बाजार में कुछ नया हुआ ही नहीं है। दूसरे उद्योगों से सीखना चाहिए। बेहद कम मार्जिन पर चलने वाले विमानन उद्योग ने बाजार बढ़ाने के लिए किफायती किराये और डायनैमिक प्राइसिंग का हुनर सीख लिया। उपभोक्ता उत्पाद कंपनियां समझ गईं कि छोटे पैक (जैसे शैंपू के सैशे) या कुछ नया मिलाने (आयोडीन युक्त नमक) से कम आय वाले उपभोक्ता आ सकते हैं, जो वैसे इन उत्पादों से दूर रहते हैं।

कार बाजार में बिल्कुल ऐसा दोहराना तो संभव नहीं है मगर वहां आ रही समस्याओं को चुस्ती से हल करें तो मांग में ठहराव की चिंता को दूर किया जा सकता है। इस लिहाज से करों के बारे में शिकायत में कुछ दम दिखता है। जिस उद्योग को प्रमुख आर्थिक संकेतक माना जाता है, उस उद्योग में छोटी कारों को विलासिता की वस्तु मानना और उन पर 29 से 31 प्रतिशत कर लगाना कहीं से भी सही नहीं है। कर में कमी से इस बाजार का ठहराव कम हो सकता है मगर कार निर्माताओं को अपनी नीतियों पर भी विचार करना होगा।

# अटकी सांसें तब बातचीत आई रास


सरयूसुत मिश्रा

सिंधु जल संधि निलंबित करने के निर्णय से पाकिस्तान की सांसें अटक गई हैं. जो देश पहले इस संधि पर बातचीत को तैयार नहीं था, वह अब इसके लिए राजी हो गया है. बाकायदा पाकिस्तान सरकार की ओर से भारत को ऑफीशियल पत्र भेज कर कहा गया है, कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने के फैसले पर पुनर्विचार किया जाए.. !!

भारत की ओर से स्पष्ट कर दिया गया है, कि पाकिस्तान से बातचीत अगर होगी तो केवल आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर पर होगी. कूटनीति साफ है, कि जलसंधि पर पाकिस्तान से कोई बात नहीं होगी. इसे निलंबित करने का निर्णय लागू रहेगा. भारत का यही कदम पाकिस्तान की अवाम को आर्मी और वहां की सरकार के खिलाफ खड़े होने के लिए मजबूर करेगा. जब अवाम खड़ा हो जाएगा तो फिर पाक आर्मी और सरकार आतंकवाद प्रायोजित करने का दुस्साहस नहीं कर पाएगी.

युद्ध में तो हर बार भारत पाकिस्तान को सबक सिखाता रहा है. हर बार जीता भी है, लेकिन समझौते में हार जाता है. इस बार भी भारत यही उम्मीद लगाए हुए है कि वर्तमान सरकार अब पाकिस्तान के साथ कोई भी समझौता नहीं करेगी. भारत की वाटर स्ट्राइक पाकिस्तान में आंतरिक विद्रोह का कारण बन गई है. पाकिस्तान के सिंध प्रान्त में जन आंदोलन खड़ा हो गया है. वहां हालात इतने बिगड़ गए हैं,

भारत की ओर से सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया गया है, लेकिन पाकिस्तान की सरकार और आर्मी सिंधु का जल पाक पंजाब में दूर तक ले जाने के लिए नहर के नए प्रोजेक्ट पर काम कर रही है. सिंध के लोग इस प्रोजेक्ट का लंबे समय से



विरोध कर रहे हैं. भारत की ओर से जाने वाला पानी वैसे ही कम हो जाएगा और फिर पानी को डाइवर्ट कर पंजाब की ओर ले जाने की कोशिश से सिंध को होने वाले नुकसान को लेकर लोग आंदोलित हैं. वहां बड़ा आंदोलन खड़ा हो गया है खून-खराबा हो रहा है. यहां तक कि सिंध देश नाम से अलग देश बनाने की मांग उठ रही है.

पाकिस्तान की ओर से सिंधु जल रोकने पर भारत के खिलाफ गीदड़ भभकी दी जा रही है, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ने बीकानेर की पब्लिक स्पीच में साफ कर दिया है, कि सिंधु जल के भारत के हिस्से का पानी पाकिस्तान को नहीं मिलेगा. यह भारत का संकल्प है और इस संकल्प से दुनिया का कोई भी देश भारत को डिगा नहीं सकता है. पीएम ने पाकिस्तान को चुनौती देते हुए कहा कि अगर आतंक का एक्सपोर्ट बंद नहीं किया गया, तो फिर पाकिस्तान पाई-पाई के लिए मोहताज हो जाएगा. इसका इशारा साफ है, कि पानी नहीं मिलेगा, तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी.

भारत केवल सिंधु का जल ही नहीं रोक रहा है, बल्कि अफगानिस्तान में डैम बनवाकर पाकिस्तान का पानी रोकने की कूटनीति पर भी काम कर रहा है. पाकिस्तान और अफगानिस्तान के साथ कोई औपचारिक जलसंधि नहीं है, इसलिए अफगानिस्तान द्वारा नदी पर डैम बनाकर अगर पानी रोका जाता है, तो पाकिस्तान कुछ नहीं कर पाएगा. वैसे भी पाकिस्तान, अफगानिस्तान के बीच में सीमा रेखा का विवाद चल रहा है. खैबरपख्तून में भी विवाद को हवा दी जा रही है. बलूचिस्तान तो अपने आप को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर चुका है. पाकिस्तान टूट के कगार पर खड़ा हुआ है. सैन्य कार्रवाई से तो पाकिस्तान को तबाह किया ही जाएगा, लेकिन वाटर स्ट्राइक से पाकिस्तान के अवाम ने वहां की आर्मी और सरकार के खिलाफ विद्रोह को बढ़ाया जाएगा. पानी जीवन की बुनियादी जरूरत है. पानी कोई भी बना नहीं सकता है, कहा जाता है कि थर्ड वर्ल्ड वॉर पानी के लिए ही हो सकता है. पाकिस्तान को पानी तभी मिलेगा, जब वह आतंकवाद का एक्सपोर्ट बंद करेगा. भारत कह रहा है कि खून और पानी साथ नहीं बह सकते और पाकिस्तान कहता है, कि पानी नहीं तो फिर खून बहेगा. सौभाग्य का प्रतीक सिंदूर अमूल्य होता है. इसी पर आतंकवादियों ने हमला कर भारत को जगा दिया है. स्त्री अपमान पर तो युद्ध से भारत का इतिहास भरा पड़ा है. मोदी जिस तरह की भाषा और लहजे में सिंदूर की रक्षा का संकल्प दुनिया के सामने रख रहे हैं, वह आतंक के खिलाफ बड़े प्रहार का इशारा है. मोदी विरोधियों की सबसे बड़ी समस्या यही है कि, उनको समझने में गलती कर देते हैं. इसीलिए उनको लेकर जो भी प्रतिक्रिया देते हैं, वह कालांतर में गलत साबित हो जाती है. ऑपरेशन सिंदूर में भी विपक्षी प्रतिक्रिया का हश्र यही होने वाला है.

# मासिक धर्म स्वच्छता दिवस- अपने शरीर के प्रति चौकसी स्वास्थ्य की कुंजी



योग गुरु महेश अग्रवाल

आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल नें बताया कि मासिक धर्म स्वच्छता दिवस हर साल 28 मई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाना और पीरियड्स के दौरान महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों को संबोधित करना है। यह दिवस एक वैश्विक पहल है जो लोगों को पीरियड्स के हाइजीन के लाभों के बारे में शिक्षित करने और इससे जुड़े टैबू को तोड़ने के लिए काम करती है।

योग गुरु अग्रवाल नें इस अवसर पर बताया कि यह सृष्टि विविध लयात्मक गतियों पर नर्तन-गायन करती रहती है। या यूँ कहें कि प्रकृति से सम्बन्धित प्रत्येक घटना किसी नियम से बँधी होती है - पर्वतों का दीर्घ और मन्द क्षरण, ऋतुओं का नियमित परिवर्तन, दिवा-रात्रि प्रत्यावर्तन, सूर्य का घूर्णन, चन्द्रमा का प्रवर्तन-निवर्तन। स्त्री शरीर धारण करना विशेष रूप से ब्रह्माण्ड के प्रवाह का सहभागी होना है। स्त्री की जागरूकता सतत् उसकी प्राकृतिक प्रजनन शक्ति की ओर निर्दिष्ट होती है जो उसके ऋतुस्त्राव के चक्र के रूप में परिलक्षित होती है।

जागरूकता की यह उत्थित अवस्था अनन्त के साथ हमारे सम्बन्धों का मौन समादर है जिसे शरीर के प्रति हमारे विकृत पूर्वाग्रहों द्वारा विनष्ट नहीं होने दिया जाना चाहिए। ऐसी अनेक स्त्रियाँ हैं जो अपनी चेतना को शरीर से बाँध देती हैं। वे चेतन या अचेतन रूप से स्वयं को सदा रूग्ण समझती हैं; अपने चक्र में होने वाले नगण्य परिवर्तन से भी व्यग्र हो उठती हैं, किंचित पीड़ा से ही, भले ही वह वास्तविक हो या काल्पनिक, चिन्तित और क्षुब्ध हो जाती हैं।

मासिक चक्र - लैंगिक रूप से परिपक्व स्त्री (बालिका) को प्रत्येक माह एक विशेष क्रम में ऋतुस्त्राव होता है। प्रथम रजोदर्शन से रजोनिवृत्ति तक यह निरन्तर मासिक आवर्त के रूप में चलता रहता है।

ऋतु स्त्राव (आर्त्तव) - ऋतुस्त्राव एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा गर्भाशय का अवांछित अस्तर शरीर के बाहर निकाल दिया जाता है। ऋतुस्त्राव द्रव में कुछ विदीर्ण ऊतक और कुछ रक्त होता है जो योनि मार्ग से बाहर निकलता है। यह वही रक्त होता है जो प्रायः शरीर के अन्दर प्रवाहित होता है, किन्तु इसने स्कन्दनकारक तत्त्व नहीं होता है। यह वही रक्त एवं ऊतक है जो डिम्ब का संपोषण करता यदि उसका निषेचन हुआ होता। यद्यपि शरीर से निकल जाने के बाद इस द्रव में दुर्गन्ध उत्पन्न हो जाती है, फिर भी इसे अस्वच्छ नहीं कहा जा सकता। प्रत्येक माह में ऋतुस्त्राव तीन से सात दिनों तक होता है, प्रायः चार या पाँच दिनों का। इस अवधि में शरीर से लगभग एक कप द्रव निकल जाता है।

पहला ऋतुस्त्राव प्रायः दस से चौदह वर्ष की आयु में होता है, यद्यपि सम्भव है कि यह सत्रह-अठ्ठारह वर्ष की आयु तक भी नहीं हो। ऋतुस्त्राव स्तनों की वृद्धि के पूर्व भी प्रारम्भ हो सकता है या उसके साथ-साथ भी। इसके साथ ही गुह्यांग पर रोम भी परिलक्षित होने लगते हैं।

कष्टपूर्ण ऋतुस्त्राव - स्त्री के रूप में उत्पन्न होना एक अभिशाप है, कम-से-कम वे. ऐसा समझती हैं जिन्हें हर माह ऋतुस्त्राव की पीड़ा सहन करनी पड़ती है। पिछली कुछ पीढ़ियों में यह समस्या इतनी व्यापक हो गयी है कि ऋतुस्त्राव के साथ विभिन्न प्रकार की शारीरिक रुग्णता एवं भावनात्मक क्लेश को सामान्य माना जाने लगा है। हम ऐसी कुछ स्त्रियों की कहानियाँ अवश्य सुनते हैं जिनके लिए ऋतुस्त्राव बोझ के समान नहीं होता है, शायद हम उन्हें जानते



भी हों। उन स्त्रियों को भाग्यशाली माना जाता है जो स्त्रीत्व के इस कष्ट से मुक्त रहती है। किन्तु यह आवश्यक नहीं कि जिसे %सामान्य% मान लिया गया वह आदर्श भी हो। यह तो मात्र सूचित करता है कि अधिकतर लोगों के साथ ऐसा होता है। इस समस्या के साथ चुपचाप समझौता कर हम यह भूल गये हैं कि स्थिति इसके विपरीत भी हो सकती है। ऋतुस्त्राव में होने वाला दर्द किसी भी अन्य दर्द के समान है जो संकेत देता है कि शरीर में किसी वस्तु की कमी है। बार-बार होने वाले इस कष्ट को मूक जानवर की तरह सहन नहीं कर लेना चाहिए। योग के द्वारा हम सकारात्मक रूप से आर्तव क्लेश को दूर कर स्त्रियों के स्वास्थ्य रूपी विरासत का पुनः अन्वेषण कर सकते हैं।

रक्ताधिक्य कृच्छार्त्तव भीषण तनाव से सम्बद्ध होता है जिसे चिकित्सक %पूर्वार्त्तव लक्षण% कहते हैं। स्त्राव प्रारम्भ होने के तीन-चार दिन पूर्व से ही पेट और कमर के निचले भाग में भारीपन के साथ हल्का दर्द होने लगता है। कुछ स्त्रियाँ स्तनों में सूजन और संवेदनशीलता का अनुभव करती हैं, पेट या पूरे शरीर में भी सूजन का अनुभव होता है। शरीर में अत्यधिक द्रव अवरोधन के कारण शरीर का वजन भी तीन किलो तक बढ़ जाता है और कभी-कभी इसके साथ मिचली भी होती है। सिर दर्द, शारीरिक तनाव तथा कब्जियत भी सामान्य रूप से परिलक्षित होते हैं। चिड़चिड़ापन, हताशा एवं आलस्य इसके अत्यन्त दुःखद परिणाम हैं। जो महीने की उस अवधि में भावनात्मक रूप से दुर्बल बना देते हैं। रक्त स्त्राव होने पर शारीरिक और मानसिक संकलन की तीव्रता कम हो जाती है और अत्यधिक स्त्राव हो जाने पर ये कष्ट भी दूर हो जाते हैं। इस प्रकार के ऋतुस्त्राव की समस्या तरुणियों से लेकर रजोनिवृत्ति की आयु तक की स्त्रियों में सामान्य रूप से देखी जाती है। ऐसा भी देखा गया है कि प्रत्येक गर्भ धारण के बाद यह समस्या और भी बढ़ जाती है।

अनेक स्त्रियाँ पूछती हैं कि क्या ऋतुस्त्राव की अवधि में आसन करना सुरक्षित है? किसी भी समय में शरीर को तनावमुक्त रखना आवश्यक है, किन्तु कुछ सावधानी के अतिरिक्त अपने अभ्यासों को छोड़ने का कोई कारण नहीं है। अब अधिकतर चिकित्सकों का विश्वास है कि स्त्रियाँ न केवल श्रमसाध्य कार्य कर सकती हैं, बल्कि वे इससे लाभान्वित भी होती हैं। ऐसी स्त्रियों का, जिनका खेलकूद से कोई सम्बन्ध नहीं था, एक तुलनात्मक अध्ययन किया गया। इसके फलस्वरूप पाया गया कि तैराक स्त्रियों को ऋतुस्त्राव सम्बन्धी समस्यायें अपेक्षाकृत कम थीं।

मासिक चक्र की शेष अवधि के लिए आसनों का एक सन्तुलित कार्यक्रम तैयार कर लेना चाहिए, जो ग्रन्थियों के सूक्ष्म नियन्त्रण के द्वारा हॉर्मोन उत्पादन को सुव्यवस्थित और सन्तुलित कर सकता है। आसन ग्रन्थियों एवं आन्तरिक अंगों की मालिश करते हैं और उन पर दबाव डालते हैं, जिससे जमा हुआ अशुद्ध रक्त बाहर चला जाता है तथा शुद्ध रक्त को संचरण का अवसर मिलता है एवं ग्रन्थियों एवं सम्पूर्ण प्रजनन तन्त्र में नयी शक्ति का संचार होता है। एक उत्तम कार्यक्रम के अन्तर्गत सूर्यनमस्कार, भुजंगासन, शलभासन, धनुरासन, पश्चिमोत्तानासन, मूलबन्ध एवं वज्रोली मुद्रा आते हैं। ध्यान के अभ्यास, विशेषकर योगनिद्रा एवं अन्तमौन शारीरिक एवं भावनात्मक सामंजस्य को भंग करने वाले तनाव से मुक्त करने के लिए उत्तम रहेंगे।

योग गुरु अग्रवाल नें आहार के संबंध में बताया कि अनाज और सब्जियों के सरल एवं शुद्ध आहार का अनेक रोगों पर चमत्कारपूर्ण प्रभाव होता है, यहाँ तक कि कष्टप्रद ऋतुस्त्राव पर भी। आहार में प्रोटीन का आधिक्य, विशेषकर मांसयुक्त आहार निश्चय ही इस समस्या को बढ़ा देता है। समृद्ध देशों में यह देखा गया है कि कृच्छार्त्तव की समस्या आहार में मांस की बढ़ती हुई मात्रा के समानान्तर चलती है।

सरल और शाकाहारी भोजन पर पुनः वापस आने वाली अनेक स्त्रियों ने सूचित किया है कि कठिन स्त्राव में नाटकीय ढंग से सुधार हुआ है, उग्र रूप से जो रक्तस्त्राव होता था वह हल्का हो गया। अभी भी मांस खाने वाली स्त्रियाँ, जिन्होंने कॉफी, प्रक्रमित भोजन, विशेषकर चीनी, चिकने चावल एवं मैदे से बनी सामग्रियों में कमी कर दी है, उन्हें भी विशेष लाभ हुआ है। ऋतुस्त्राव के समय हमें पके हुए केले और ताजी नारंगी या नींबू का रस लेना चाहिए, क्योंकि इनसे स्नायु तन्त्र को बाधित करने वाले पोटैशियम के अस्थायी क्षरण की क्षतिपूर्ति होती है।

पृथ्वी की अपनी ऋतुएँ होती हैं; पतझड़ आने पर सभी लाल-भूरे पत्ते झड़ जाते हैं, वसन्त काल में पूर्ण ऊर्जस्विता के साथ पुनरुज्जीवित होने के पूर्व इसका मर्म रस खींच लिया जाता है। स्त्रियों में होने वाली इस अत्यन्त स्वाभाविक प्रक्रिया के प्रति सकारात्मक मनोवृत्ति अपना कर ऋतुस्त्राव के प्रति पूर्ण सजगता एवं इसके तात्पर्य का उपयोग हम धरती माँ के साथ अपने बंधन का अनुभव कर सकते हैं तथा ब्रह्माण्ड के लय-ताल में सम्मिलित हो सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## श्री श्री 1008 पंचकुण्डीय शतचंडी महायज्ञ, कथा संपन्न, पहुंचे विधायक



**औबेदुल्लागंज( संवाददाता)।** 17 मई से शुरू हुए खेड़ापति माता मंदिर, ग्राम अमोदा में श्री श्री पंचकुण्डीय यज्ञ व श्रीराम कथा के अंतिम दिन से पहले भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा पहुंचे। उन्होंने राम कथा सुनी साथ ही यज्ञशाला को प्रणाम किया। बता दें कि सदभावना एवं सनातन संस्कृति के आचरणों को परिपक्व करने हेतु माँ खेड़ापति दरबार अमोदा में शतचंडी यज्ञ श्री राम कथा का आयोजन किया गया। विद्वानों की माने तो, उक्त यज्ञ से वातावरण शुद्ध होगा एवं भक्ति की शक्ति से प्राकृतिक असंतुलन सामान्य बना रहने की आहुति दीं जायेंगी। उल्लेखनीय है कि श्री श्री पंचकुण्डीय यज्ञ के प्रेरक ब्रह्मलीन ब्राह्मचारी क्षेत्रीय विधाकर विद्यानन्द, शाहगंज सीहोर, ब्रह्मलीन श्यामाचारण पाण्डेय (अमोदा), यज्ञाचार्य विश्वामित्र राजोरिया (अमोदा) आयोजन समस्त ग्रामवासी एवं धर्मप्रेमीबंधु रहें। 25 मई को क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र पटवा सम्मलित हुए एवं 26 तारीख़ को भण्डारे का आयोजन किया गया।

# 'दास्तान-ए-अहिल्याबाई' कार्यक्रम में गूंजा लोकमाता की विरासत का स्वर, धारवासियों ने किया भावपूर्ण स्वागत

**धार।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किस्सागोई कार्यक्रम 'दास्तान-ए-अहिल्याबाई' सोमवार 26 मई को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम, धार में भावुकता और गौरव के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे मनोयोग से लोकमाता के जीवन की प्रेरणादायक गाथा को सुना और सराहा।

प्रसिद्ध 'दास्तानगो' डॉ हिमांशु बाजपेयी और डॉ प्रज्ञा शर्मा ने अपने प्रभावशाली शब्दों और भावपूर्ण प्रस्तुति से अहिल्याबाई होलकर के जीवन के अनछुए पहलुओं को मंच पर जीवंत कर दिया। उनकी शासन-व्यवस्था, सामाजिक न्याय, धार्मिक सहिष्णुता और जनकल्याण की भावना को दर्शाते किस्सों ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। कलाकार हिमांशु और प्रज्ञा ने अपने घंटे भर के मंचन मे देवी अहिल्या बाई के जीवन के विविध प्रसंगो को शब्दों की लड़ियों में पिरोकर एक पूरा चित्र ही सामने रख दिया।

'दास्तानगोई' पेश करते हुए प्रज्ञा कहती है मराठा नरेश मल्हारराव होलकर ने अहिल्या को अपनी बहू बनाने का मन उसी दिन बना लिया था जब उसे 6 वर्ष की अवस्था में एक मन्दिर में आरती के दौरान देखा था। खांडे राव से विवाह के बाद राज परिवार की बहू बनी अहिल्या बाई ने अपने गुणों से होलकर परिवार का दिल जीत लिया। राज काज के तरीके सीखे, युद् करने की नीति सीखी, शस्त्र विद्या सीखी, लेकिन दुखो ने अहिल्या बाई का पीछा नहीं छोड़ा। कम उम्र में पति खांडेराव की मृत्यु हो गई। होलकरो की परम्परा के मुताबिक पति के संग पत्नी भी चिता में जलकर सती हो जाती।अहिल्या बाई भी सती के लिए तेयार थी, लेकिन ससुर मल्हारराव होलकर ने ऐसा होने नहीं दिया। वे जानते थे कि अहिल्या बाई राज्य पर आंच नही आने देगी और यह सब सच साबित हुआ। एक बार तो राधोबा ने चढ़ाई के लिए सेना को तैनात तक कर दिया, लेकिन अहिल्या बाई ने कूटनीति के तहत राधो बा के मंसूबे पर पानी फिर दिया।




दास्तानगोई में मल्हार राव होलकर की मौत, अहिल्या बाई के पुत्र मालेराव की मौत, पुत्री मुक्ताबाई का सती होने की घटना का उल्लेख बड़ी मार्मिक तरीके से किया। इन घटनाओ ने अहिल्या बाई को झक जोरा अवश्य, लेकिन टूटने नही दिया। अपने शासन के दोरान अहिल्या बाई ने बड़ी से बड़ी विपत्ती का सामना किया और विपरीत परिस्थितियों मे भी धेर्य नहीं खोया।

अहिल्या बाई कुशल शासिका होने के साथ शिव भक्त थी। उन्होंने इंदौर सहित महेश्वर, काशी, पूना आदि स्थानों पर कुंवे, बावड़ी, धर्मशालाये, मन्दिर, किले आदि बनाए। उनके राज्य में कारीगरों, कलाकारों, शिल्पकारों आदि को राज्याश्रय प्राप्त था। वे प्रजापालक थी और कर्मनिष्ठ थी।

कार्यक्रम की शुरुआत में केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर,कलेक्टर प्रियंक मिश्रा सहित अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और लोकमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात किस्सागोई का सिलसिला प्रारंभ हुआ, जिसमें अहिल्याबाई के जीवन संघर्ष, काशी में मंदिर निर्माण, मालवा में सुव्यवस्थित प्रशासन और उनके सामाजिक सरोकारों की झलक प्रस्तुत की गई।

श्रोताओं ने बार-बार तालियों के साथ अपनी भावनाएं प्रकट कीं। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने दोनों वक्ताओं का सम्मान किया और कहा कि इस प्रस्तुति ने लोकमाता के विचारों को आज की पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य सफलतापूर्वक किया है।धारवासियों के लिए यह कार्यक्रम इतिहास और संस्कृति से जुड़ाव का एक सशक्त माध्यम बनकर सामने आया।श्री बाजपेयी ने कहा हमारे द्वारा अहिल्या बाई होलकर के जयंती वर्ष में उनके लोकहितकारी कार्यों को जन जन तक तक तक समूचे प्रदेश में पहुँचाने का कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के महाप्रबंधक को सीएम हेल्पलाईन में उत्कृष्ट कार्य हेतु मिला प्रशस्ति पत्र




**मंडला--**जिला कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने अप्रैल माह के सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के महाप्रबंधक श्रीमती ऊषा चौधरी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ऊषा चौधरी ने 100 वेटेज स्कोर प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। जिला कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि शिकायतों के निराकरण में संतुष्टि स्तर को और बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह,अपर कलेक्टर श्री जे.पी. यादव सहित समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बारिश के पहले करें आवश्यक तैयारियां:कलेक्टर

### समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**मंडला।** समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में इस बार समय से पहले मानसून आने की संभावना है इसके लिए आवश्यक तैयारियां बारिश से पहले करना सुनिश्चित करें। लोक स्वास्थ्य एवं पीएचई आपसी समन्वय कर सभी हेंडपंप तथा कुओं में आवश्यकतानुसार क्लोरीनेशन कराएं। क्लोरीनेशन दिनांक का स्टीकर संबंधित जल स्त्रोत पर चिपकाएं। बारिश में डायरिया और दूषित जल से होने वाली अन्य बीमारियों के होने की आशंका होती है। स्वास्थ्य विभाग इसके लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त दवाईयों की व्यवस्था रखें। इसके साथ ही बारिश में ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश के मामले भी सामने आते हैं, इसलिए यह सुनिश्चित करें कि अस्पतालों में एंटीवेनम के डोज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो।

सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अभी से सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कुटीर-ग्रामोद्योग, फॉरेस्ट तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निम्न गुणवत्ता वाले प्रकरणों को पुनः ओपन करवाकर संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। यह सुनिश्चित करें कि सी एवं डी केटेगरी में कोई भी विभाग न रहे। सीएम डैशबोर्ड के विषय में समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख डैशबोर्ड के बिन्दुओं को गंभीरता से लें। इससे संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से लेते हुए संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं, जिससे विभागीय स्कोर बेहतर हो सके। बैठक में टीएल पत्रों की समीक्षा, प्रधानमंत्री आवास शहरी, गेहूं परिवहन, समग्र ई-केवाईसी, धरती आबा, अपार आईडी, पीएम किसान सम्मान, उच्च न्यायालय की अवमानना, रिट पिटिशन, नरवाई प्रबंधन, विकसित कृषि संकल्प अभियान, फूड ई-केवाईसी, आईटीआई तथा पॉलीटेक्निक में प्रवेश, अंतर्विभागीय बिन्दुओं सहित अन्य विषयों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।



## समय-सीमा बैठक संपन्न

सिवनी- कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 26 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत, एसडीएम सुश्री मेघा शर्मा सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति रही।

बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाईन, समय-सीमा में दर्ज प्रकरण, जनसुनवाई आवेदनों के निराकरण स्थिति, विभिन्न आयोग से प्राप्त पत्रों में लंबित कार्यवाही के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्प लाईन में प्रगति न करने वाले विभागों पर नारजगी व्यक्त करते हुए त्वरित शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद कराने शिकायतों में अपडेट प्रतिवेदन डालने के निर्देश सभी विभाग प्रमुखों को दिये हैं। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने राजस्व प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा के दौरान राजस्व अधिकारियों को फॉर्मर रजिस्ट्री, सीमांकन के लंबित प्रकरणों सहित अन्य प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने समग्र ई-केवायसी कार्यों की भी समीक्षा कर लंबित ई-केवायसी पूर्ण कराने के निर्देश सभी सीएमओ और सीईओ जनपदों को दिये गये हैं। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने जनजातीय कार्यविभाग, शिक्षा विभाग तथा अन्य पिछडा विभाग के अधिकारियों से छात्रावास की मरम्मत तथा विद्यालयों में शौचालय निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। इसी तरह उन्होंने जिले में खाद्यन्न वितरण स्थिति की समीक्ष, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सर्वे कार्यों की समीक्षा की।

## याचिका एवं अभ्यावेदन समिति की बैठक में शामिल हुए विधायक



आष्टा। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर आज मप्र विधानसभा भवन के कक्ष क्र 6 में आयोजित याचिका एवं अभ्यावेदन समिति की बैठक में शामिल हुए। बैठक में अध्यक्ष एवं सभी सदस्यो के सामने रखे गये प्रस्तावों,आवेदनों का सभी ने बारीकी से परीक्षण कर चर्चा की एवं सम्बंधित विभाग प्रमुख से उसको लेकर किये कार्य एवं लिये निर्णयों की जानकारी ली एवं समीक्षा कर निर्देश दिये।

## एमएनओ राव निभा रहे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी

**सिवनी–** नागपुर से शहडोल चलने वाली गाड़ी संख्या 11201/11202 में एक ऐसा रेलवे कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहा है जिसकी यात्रियों के द्वारा भरपूर प्रशंसा की जा रही है। नागपुर से शहडोल चले वाली गाड़ी में एक ऐसा टिकिट चेकर जो कि अपनी ड्यूटी पूरी मुस्तैदी से तो निभा ही रहा है बल्कि यात्रा के दौरान सामाजिक जागरूकता का भी काम कर रहा है। टिकिट चेकर एम एन ओ राव रेलगाड़ी में अपनी ड्यूटी के दौरान युवाओं को पान मसाला गुटका शराब से दूर रहने के लिए लगातार जागरूक कर रहे है, उनके द्वारा एक ऐसा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें युवाओं को नशे से दूर रहने और नशे से होने वाले शारीरिक, पारिवारिक, और सामाजिक नुकसान के बारे में बता कर जागरूक किया जा रहा है। रेलवे कर्मचारी एम एन ओ राव यात्रियों को रेलवे के नियमों के बारे में भी जागरूक कर रहे है जैसे कि गेट पर बैठ कर लटक कर यात्रा करने होने वाली दुर्घटनाओं के लिए यात्रियों को सजग करना, बिना टिकट यात्रा नहीं करने एवं रेलवे स्वक्षता बनाए रखने का लगातार भी संदेश दिया जा रहा है।

### नेत्र परीक्षण शिविर में 200 मरीज हुए लाभान्वित

## 45 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद हेतु चयनित कर चित्रकूट भेजा



**छतरपुर।** नगर के प्रतिष्ठित प्राचीन हनुमान टोरिया मंदिर पर एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का चौदहवे वर्ष का पांचवा शिविर संपन्न हुआ, यह शिविर स्वर्गीय श्री सूर्य प्रताप सिंह जी बुंदेला (चीनी राजा) की स्मृति में एवम दर्शना महिला कल्याण समिति के स्थापना दिवस के अवसर पर दर्शना महिला कल्याण समिति छतरपुर के सहयोग से आयोजित किया गया समिति के सदस्य गिरजा पाटकर ने बताया, इस शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आई 10 लोगो की टीम में डॉक्टर अरविन्द मिश्रा एवं डॉक्टर प्रदीप मिश्रा के द्वारा 200 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया

बीटू शुगर कम्पनी से आए डॉ के के पाठक के द्वारा शिविर में आए सभी नेत्र रोगियों की शुगर और ब्लेड प्रेशर की निःशुल्क जांच की गई इस शिविर की खास बात यह रही इस शिविर का सहयोग कर रही दर्शना महिला कल्याण समिति के सभी सदस्यों ने खुद मानवता का धर्म निभाते हुए मरीजों के पंजीयन किये तथा दूर दराज से आए मरीजों को अपने हाथों से भोजन भी कराएहनुमान टोरिया सेवा समिति ने दर्शना महिला कल्याण समिति की सचिव प्रभा वैद्य का धन्यवाद ज्ञापित किया, इस अवसर पर राजेश गुप्ता उमाशंकर रिछारिया रवि प्रताप सिंह आनंद खरे विजय प्रताप सिंह संतोष सिंह राजेश पांडे अजय गुप्ता सजन वैद्य नरेन्द्र सिंह चंदेल लखन विश्वकर्मा ब्रज कुशमया दीपा वैद्य निरंजन यादव वेद विख्यात वैद्य शिवानी सिंह अरुणा सिंह अक्षरा कुशवाहा रामविशाल नामदेव सुधीर निगम एम एल विश्वकर्मा शंकर सोनी प्रमोद खरे संतोष नामदेव प्रदूम गुप्ता लखन सोनी डी सी पाठक नारायण मिश्र प्रिंस गुप्ता मयंक नामदेव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे

## भाजपा मण्डल में पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन

**आष्टा।** नगर के स्थानीय गोकुलधाम में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वी जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया,संगोष्ठी में मुख्यवक्ता भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अहिल्याबाई होलकर जयंती के प्रदेश प्रभारी श्री पंकज जोशी की उपस्थिति में एवं आष्टा विधानसभा के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर जी,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा के मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ,संगोष्ठी का आरंभ देवी अहिल्या बाई होलकर, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रचलित किया गया, मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में उपस्थित श्री जोशी का भाजपा पदाधिकारीयों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया ,कार्यक्रम के शुभारंभ में जिला टोली की सहसंयोजीका एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऋतु जैन द्वारा स्वागत भाषण एवं महिला सशक्तिकरण में पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर जी का किस प्रकार योगदान हमारे जीवन को सार्थक कर सकता है, इस पर प्रकाश डाला। विधायक गोपाल सिंह जी द्वारा अहिल्याबाई होलकर ओर उनकी न्याय व्यवस्था पर प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्री पंकज जोशी जी द्वारा बताया गया



कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी किस तरह देवी अहिल्याबाई के जीवन से प्रभावित होकर उनके सुशासन न्याय व्यवस्था और देश की संस्कृति और धरोहर के पुनरुत्थान में उनके योगदान और नारी सशक्तिकरण की दिशा में अहिल्याबाई होलकर के सिद्धांतों को अपनाकर देश को समृद्ध और शक्तिशाली बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जयंती प्रभारी पंकज जी जोशी द्वारा अहिल्याबाई होलकर के जीवन के कुछ मार्मिक बिंदुओं के माध्यम से उनके जीवन को महिला संगोष्ठी के माध्यम से महिला शक्ति के बीच में रखकर उन्हें यह संदेश देने का काम किया है कि जब-जब भी महिला शक्ति जागी है उन्होंने अपना लोहा मनवाया है। निश्चित संगोष्ठी के माध्यम से अहिल्याबाई होल्कर जी का जीवन महिलाओं के उत्थान उनके सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगा,कार्यक्रम का सफल संचालन जिला टोली के सदस्य उमेश शर्मा द्वारा किया गया ,कार्यक्रम में अन्य वक्त के रूप में धारा सिंह पटेल,जिला पदाधिकारी भाजपा के जनप्रतिनिधि,भाजपा महिला मोर्चा,आष्टा विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष,बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र पदाधिकारियों सहित ज्येष्ठ एवम श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे,अंत मेंकार्यक्रम का आभार नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री विशाल चौरसिया द्वारा व्यक्त किया गया।।

# भीषण गर्मी में भी नहीं है जिला अस्पताल में कोई उचित व्यवस्था, बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चों के परिजनों ने लगाए अस्पताल प्रबंधन पर आरोप

### अस्पताल में अगर आपको गर्मी से बचना है तो अपनी व्यवस्था स्वयं करनी पड़ेगी यह हम नहीं कह रहे भर्ती मरीज के परिजन कहा

**दमोह।** जिले की सरकारी जिला अस्पताल के वार्डो में लगे ऐसी अपनी दुर्दशा स्वयं व्या करते नजर आ रहे हैं जिला अस्पताल प्रबंधन इस तरफ कोई ध्यान नहीं देता इसमें महत्वपूर्ण बात जो वह यह है की विगत एक माह पूर्व वार्डो में जो ऐसी लगे है उनकी मरम्मत भी कराई गई थी इसके बाद भी ऐसी आज फिर उसी हालत में नजर आने लगे है जैसे पहले थे फिर अस्पताल प्रबंधन का ऐसी सुधार कार्य काराने का मतलब क्या निकला की पुरी गर्मी निकली जा रही लेकिन अस्पताल में भर्ती मरीज सरकार की योजना का लाभ ही ना लेपा रहे।




इस भीषण गर्मी के दौरान जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चो कें परिवार जनो नें अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए उन्होंने कहा कि वार्ड में जो ऐसी लगे हुए हैं बंद पड़े हुए हैं और पंखे गर्म हवा फेंक रहे हैं कूलर की व्यवस्था है नहीं जिसके चलते गर्मी और तेज लगती है रात रात भर नींद नहीं आती मेरी बच्ची 3 दिन से भर्ती है सो नही रही थी इसलिए हमें स्वयं का छोटा कुलर लाना पड़ा भर्ती मरीज के पिता नासिर खान नें एक सीएम हेल्पलाइन भी लगाई है अस्पताल में हो रही समस्याओ को लेकर.

बच्चा वार्ड में ही भर्ती एक और मरीज के परिजन बताते हैं कि एक तो इतनी गर्मी पड़ रही है यहां पर ना तो कुलर है ना तो यह अस्पताल में लगा ऐसी चालू है और ना ही यहा सही से पखें हवा फेंक रहे हैं और जो पखें हवा दे रहे हैं वह काफी गर्म हवा फेंक रहे हैं जिससे गर्मी में रहता नहीं मिल पा रही है मरीज को सरकारी अस्पताल में इलाज कराने लाए थे की मरीज स्वास्थ्य ठीक होगा लेकिन यहां पर जो हालात बने हुए हैं गर्मी में मुझे नहीं लगता कि हमारा मरीज यहा पर ठीक हो पाएगा क्योंकि जो दवाइयां और इंजेक्शन दिए जा रहे हैं वह गर्म होते हैं और ऊपर से यहा इतनी गर्मी लग रही है की बच्चें रात रात भर नहीं सोते मेरा आपके माध्यम से अस्पताल प्रबंधन से यही कहना है की श अस्पताल में काम से कम जो ऐसी लगे हुए हैं वह चालू करा दें और नहीं कर पाए रहे तो वार्ड में एक कुलर ही रखवा दें इससे थोड़ी तो राहत मिलेगी

इसी दौरान एक दूसरे मरीज के परिजनों ने बताया कि हम हटा से आए हैं और हमारा मरीज हटा में भर्ती था हमारे बच्चें को बुखार उल्टी दस्त होने से इंफेक्शन हो गया है जिसके कारण हटा के डॉक्टरों ने दमोह जिला अस्पताल में रेफर कर दिया है इसके चलते हैं हम दमोह आए हैं लेकिन यहां के तो हालात और खराब है हम लोगों को तो यहां ऐसा भर्ती किए हैं जैसे सड़क पर पड़े रहते हैं इसी प्रकार बच्चा वार्ड में हमें भर्ती किए हुए हैं ना यह ऐसी कम कर रहा और ना ही यहां पर लगे पंखे सही हवा फेंक रहे कुलर तो है भी नहीं यहां हमें हटा से दमोह अस्पताल में इसलिए भेजा गया की इलाज अच्छा होगा अच्छी व्यवस्थाएं होगी लेकिन यहां पर तो हालत कुछ और ही निकले जब उनसे पूछा वार्ड में ऐसी तो लगा हुआ है तो उनका जवाब मिला कि यह पर लगे ऐसी सिर्फ नाम के लिए लगे हैं भर्ती बच्चें की मां सोना पटेल

### इनका कहना है

मेरे पास बच्चा वार्ड के इंचार्ज की ना वहां के स्टाफ की कोई डिमांड आई है बच्चा वार्ड के इंचार्ज डॉ जलज बजाज है।

**डॉ रविंद्र सिंह** सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय दमोह

# दण्डाधिकारी ने अपराधिक कृत्यों में लिप्त ब्रजेश तिवारी को किया जिलाबदर

### विभिन्न थानों में 29 अपराध है पंजीबद्ध, 10 हजार रुपए का बंध पत्र प्रस्तुत करने के आदेश

**छतरपुर।** जिला दण्डाधिकारी छतरपुर पार्थ जैसवाल ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 तथा लोक व्यवस्था अधिनियम के अंतर्गत ब्रजेश तिवारी पिता कौशल तिवारी उम्र 30 साल निवासी ग्राम संदना थाना बमीठा पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही आगामी एक वर्ष के लिये प्रभावशील रहेगी।अनावेदक ब्रजेश तिवारी पिता कौशल तिवारी की आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल नियंत्रण करने के उद्देश्य से मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जिला दंडाधिकारी ने आदेशित किया है कि अनावेदक अपने आप को आपराधिक गतिविधियों से दूर रखते हुये सामाजिक प्राणी की भांति जीवन व्यतीत करें और आगामी एक वर्ष तक अपने आने जाने की सूचना थाना प्रभारी थाना बमीठा को दे तथा प्रत्येक सप्ताह में दो दिन मंगलवार, शुकवार को थाना प्रभारी के समक्ष अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराए। थाना प्रभारी थाना बमीठा को निर्देशित किया जाता है कि आदेशानुसार अनावेदक की थाना हाजरी एक वर्ष सुनिश्चित कराये, इसमें चूक होने की दशा में अधिनियम की धारा 14 के अन्तर्गत कार्यवाही कर इस न्यायालय को अवगत कराये। उपरोक्त कार्यवाही के अतिरिक्त अनावेदक से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने आपको आपराधिक गतिविधियों से दूर रखेगा एवं सामाजिक, नागरिक की तरह शांति एवं सदाचार बनाये रखेगा। इस प्रयोजन हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 117 के प्रावधानों के अनुसार आगामी एक वर्ष की अवधि के लिये शांति एवं सदाचार बनाये रखने हेतु 10 हजार रुपए का सक्षम जमानतदार तथा इतनी ही राशि का बंधपत्र भी प्रस्तुत करे।

## पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत चितहरी के सचिव की एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की

**छतरपुर।** कार्यालय कलेक्टर (जिला योजना एवं सांख्यिकी) जिला छतरपुर के पत्र अनुसार नाथूराम यादव सचिव ग्राम पंचायत चितहरी जनपद पंचायत लवकुशनगर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जन्म-मृत्यु पंजीयन पोर्टल पर तहसीलदार लवकुशनगर के आदेश में कूट रचना कर रोनिका अहिरवार पिता धर्मेन्द्र, माता लक्ष्मी अहिरवार निवासी ग्राम चितहरी का जन्म 18.02.2025 का पंजीयन किया गया। जो जिला स्तर पर सत्यापन में तहसीलदार का आदेश कूट रचित दस्तावेज अपलोड होना पाए जाने से जवाब चाहा गया। इनके द्वारा प्रस्तुत जवाब में लेख किया है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत जवाब कूटरचित होने की जानकारी नही थी जिससे पंजीयन निरस्त करना प्रस्तावित किया है। इस प्रकार उक्त सचिव के द्वारा आवेदन के परीक्षण करने में लापरवाही किया जाना पाया गया।

## DDR&D के सचिव और DRDO के अध्यक्ष को मिला एक वर्ष की सेवा अवधि विस्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** Dr Samir V Kamath: DDR&D के सचिव और DRDO के अध्यक्ष को एक वर्ष की सेवा अवधि विस्तार मिला है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और रक्षा अनुसंधान विकास संगठन के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत की सेवा में 01.06.2025 से 31.05.2026 तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) एक वर्ष की अवधि के लिए विस्तार को मंजूरी दे दी है। इस संबंध में डीओपीटी में आदेश जारी कर दिए हैं।

## एमराल्ड फाइनेंस का मुनाफा क्यू4 एफवाय25 में 246 प्रतिशत उछला!

**मुंबई, एजेंसी।** एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड एक गतिशील कंपनी है जो भारत में अपने प्रमुख उत्पाद अर्न्ड वेज एक्सेस सहित वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करती है, ने क्यू4 एफवाय25 और एफवाय25 के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री संजय अग्रवाल ने वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, एफवाय25 एमराल्ड फाइनेंस के लिए प्रगति का एक सशक्त वर्ष रहा, जिसे मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और रणनीतिक गति ने परिभाषित किया। वर्ष का समापन एक मजबूत क्यू4 के साथ हुआ, जहां ब्याज और शुल्क आधारित दोनों आय धाराओं में वृद्धि हुई, और संचालन कुशलता तथा अनुशासित लागत नियंत्रण के चलते मार्जिन में सुधार हुआ।हमने पूरे वर्ष शून्य एनपीए बनाए रखा, जो हमारी क्रेडिट अंडरराइटिंग और जोखिम प्रबंधन प्रथाओं की मजबूती को दर्शाता है। हमारे ईडब्ल्यूए (अर्न्ड वेज एक्सेस) प्लेटफॉर्म को क्यू4 में महत्वपूर्ण बढ़त मिली, जिसमें वित्तीय वर्ष के दौरान 62 कॉर्पोरेट ग्राहकों को साइन किया गया और वर्ष के अंत तक उन्हें ऑनबोर्ड किया गया।

## एचईसी इंफ्रा की बड़ी छलांग: राजस्व 47 प्रतिशत, मुनाफा दोगुना!

**अहमदाबाद, एजेंसी।** एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एचईसी, कंपनी), जो इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में अग्रणी कंपनियों में से एक है और विशेष रूप से अत्यधिक उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट्स में विशेषज्ञता रखती है, ने क्यू4 एफवाय25 और एफवाय25 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री गौरांग शाह ने कहा, हमारी टीम के निरंतर प्रयासों और प्रमुख परियोजनाओं की सफल कार्यान्वयन की बदौलत हम मजबूत वित्तीय प्रदर्शन की रिपोर्ट करने में सक्षम हैं। राजस्व और लाभप्रदता दोनों में हुई वृद्धि हमारी रणनीतिक दिशा और संचालन कुशलता का प्रमाण है। हम एक मजबूत ऑर्डर बुक के साथ नए वित्तीय वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं, जिससे हमें इस विकास की गति को बनाए रखने का विश्वास मिला है।

## यूनिहेल्थ ने एच2 एफवाय25 में 63 प्रतिशत नेट प्रॉफिट बढ़ोतरी की!

**मुंबई, एजेंसी।**यूनिहेल्थ हॉस्पिटल्स लिमिटेड एक वैश्विक हेल्थकेयर प्रदाता, जो पूरे अफ्रीका में अस्पतालों, मेडिकल सेंटर्स, कंसल्टेंसी, फार्मा डिस्ट्रीब्यूशन और मेडिकल ट्रैवल सेवाओं का संचालन करता है, ने एच2 और एफवाय25 के लिए अपने ऑडिट किए गए वित्तीय परिणाम जारी किए हैं।यूनिहेल्थ हॉस्पिटल्स के संस्थापक और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अक्षय परमार,ने कहा एच2 एफवाय25 यूनिहेल्थ के लिए मजबूत प्रदर्शन वाला रहा, जहां समेकित राजस्व और लाभप्रदता ने हमारी गुणवत्ता युक्त और सुलभ हेल्थकेयर देने की प्रतिबद्धता को दर्शाया। नवी मुंबई में हमारा मल्टी-स्पेशियलिटी टर्शियरी केयर हॉस्पिटल तेजी से निर्माणाधीन है और जल्द ही चालू हो जाएगा। संस्थापक और निदेशक डॉ. अनुराग शाह, ने कहा- इस वित्तीय वर्ष की एक प्रमुख उपलब्धि युगांडा के यूएमसी विक्टोरिया हॉस्पिटल में हमारे अत्याधुनिक आइवीएफ और फर्टिलिटी सेंटर की शुरुआत रही।

## कनोडिया सीमेंट लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई, एजेंसी।** कनोडिया सीमेंट लिमिटेड (कंपनी), एक सीमेंट निर्माण कंपनी जो उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों में सैटेलाइट ग्राइंडिंग यूनिट्स (एसजीयू) के माध्यम से संचालित होती है और पोर्टलैंड पॉज़ोलाना सीमेंट और कम्पोजिट सीमेंट जैसे मिश्रित सीमेंट के उत्पादद्बन में विशेषज्ञता रखती है, ने बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से इक्विटी शेयर पूंजी के प्रस्ताव के जरिए धन जुटाने की योजना बना रही है। सार्वजनिक निर्गम में 14,913,930 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है, जिनका अंकित मूल्य 10 रुपये प्रति शेयर है। सीआरआईएसआईएल रिपोर्ट के अनुसार, कनोडिया सीमेंट भारत में सीमेंट के अनुबंध निर्माण में अग्रणी कंपनियों में से एक है। 31 दिसंबर, 2024 तक, कंपनी पांच सैटेलाइट ग्राइंडिंग यूनिट्स (एसजीयू) संचालित करती है, जिनकी कुल सीमेंट निर्माण क्षमता 3.54 एमटीपीए है।

## श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने लॉन्च किए 2 नए स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स

**मुंबई, एजेंसी।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक प्रभाग श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने अपने नए स्पेशलटी प्लांट न्युट्रिशन प्रोडक्ट्स का लॉन्च किया, साथ ही हाल ही में लॉन्च किए गए श्रीराम क्रॉप प्रोटेक्शन एवं सीड प्रोडक्ट्स के साथ किसानों को मिली सफलता पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम का आयोजन होटल प्राइड, भोपाल, मध्य प्रदेश में किया गया था, जहां क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स इन आधुनिक समाधानों के उद्घाटन के अवसर पर इकट्ठा हुए। इतना ही नहीं, 125 से अधिक डिस्ट्रब्यूटर्स एवं व्यूअर्स ने सेंट्रल ज़ोन की श्रीराम सुपर व्हीट सीड स्कीम की भव्य पुरस्कार समारोह में हिस्सा लिया। भारतीय किसानों की ज़रूरतों और स्थायी कृषि के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कंपनी दो आधुनिक लिम्डि फर्टीलाइज़र लेकर आई है- 'श्रीराम पिकासोल' और 'श्रीराम मैगनिका'। ये दोनों प्रोडक्ट एक पेटेंटेड टेक्नोलॉजी के ज़रिए बायोएक्टिव टाइटेनियम (भारत में पहली बार) के साथ विकसित किए गए हैं। टाइटेनियम पौधे को पर्यावरणी तनाव झेलने की ताकत देता है, यह पोषक तत्वों (न्यूट्रिएन्ट) के उपयोग को अधिक प्रभावी बनाकर किसानों को बेहतर रिटर्न देता है। 'श्रीराम पिकासोल' फल के रंग को गहरा और एक समान बनाने में मदद करता है, वहीं 'श्रीराम मैगनिका' फल के आकार को एक समान बनाकर इसकी शेल्फ लाईफ बढ़ाता है।

## केएफसी के नए वैल्यू ऑफर के साथ ईपीआईसी टेस्ट और ईपीआईसी बचत पाएं

**मुंबई, एजेंसी।** केएफसी सभी चिकन प्रेमियों के लिए एक ईपीआईसी ऑफर लेकर आया है! भारत में केएफसी के फैन्स अब ऑल-न्यू ईपीआईसी सेवर्स के साथ अपने पसंदीदा केएफसी का आनंद ले सकते हैं। यह ऑफर इतना बढ़िया है कि आप पूरे दिन 9 फॉर 299 रिपीट करते रहेंगे।क्यों? क्योंकि केएफसी ईपीआईसी सेवर्स चिकन प्रेमियों को केवल 299/- में 9 पीस फिंगर लिकिंग गुड चिकन का स्वाद दे रहा है। इसी अविश्वसनीय मूल्य में मिल रहे हैं 7 स्वादिष्ट बोनलेस चिकन स्ट्रिप्स और हॉट एंड क्रिस्पी चिकन के 2 क्रंची, ज्यूसी पीस। यह ऑफर भारत में केएफसी के सभी 1300+ रेस्टोरेंट्स में केवल डाइन-इन के लिए मान्य है। नई कैम्पेन फिल्म में सुपरस्टार एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और इंटरनेट के फनीमैन दानिश सैत दिखाई दे रहे हैं, जो अविश्वसनीय 9 फॉर 299 ऑफर देखकर खुशी से चीख उठते हैं।

# अब और सटीक होगी मौसम की भविष्यवाणी, सेना से लेकर NDRF तक को होगा फायदा



**नईदिल्ली।** देश में सोमवार को देशी विकसित उच्च-रिज़ॉल्यूशन ग्लोबल फोरकास्ट मॉडल यानी भारत फोरकास्ट सिस्टम लॉन्च किया गया. केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने विज्ञान भवन में इस नई मौसम पूर्वानुमान प्रणाली का उद्घाटन किया. उन्होंने मौसम विभाग के अधिकारियों के साथ 6 किलोमीटर की रिवोल्यूशन की क्षमता वाला भारत फोरकास्ट सिस्टम को इस्तेमाल के लिए समर्पित किया. भारत में अब मौसम की भविष्यवाणी की गुणवत्ता में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा. यानी सर्दी, गर्मी, बारिश, तूफान जैसे बदते मौसम के बारे में मौसम विभाग पहले से ज़्यादा सटीक और स्पेसिफिक भविष्यवाणी कर पाएगा. मौसम विभाग को ये उपलब्धि IITM द्वारा स्वदेशी तकनीक पर विकसित नए भारत फोरकास्ट सिस्टम के जरिए हासिल हुई है. इस नए BFS का रिज़ॉल्यूशन पहले की तुलना में बेहतर 6 किलोमीटर है. जोकि पहले प्रयोग किए जा रहे ग्लोबल फोरकास्ट सिस्टम से दोगुना क्षमता वाला है. तस्र्स की क्षमता 12 किलोमीटर की है.

### सटीक और तेज भविष्यवाणी

मौसम विभाग का दावा है कि इस नए भारत फोरकास्ट सिस्टम से अब मौसम को लेकर सटीक और तेजी से भविष्यवाणी होगी, विशेषकर अचानक तूफान, बारिश जैसे हालातों को लेकर. 2022 में इस तकनीक पर काम शुरू किया गया था. 3 साल के परीक्षण के दौरान क्क्स्रने बारिश को लेकर 30त्न और मॉनसून को लेकर 64त्न अधिक सटीक भविष्यवाणी की. मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले 2 सालों में भारत फोरकास्ट सिस्टम की क्षमता को 4 किलोमीटर की सटीकता तक लाया जाएगा. नई-नई तकनीकों के जरिए मौसम विभाग की भविष्यवाणी की गुणवत्ता और सटीकता में पहले की तुलना में बहुत सुधार आया है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग में मौसम विज्ञान के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि भारत इस क्षेत्र में 6 किलोमीटर की क्षमता वाला पहला देश है. इस तकनीक से भारतीय सेना, नेवी, सभी को फायदा पहुंचेगा. मौसम विभाग की वेबसाइट और एप्लीकेशन के जरिए अगले 10 दिनों के मौसम की भविष्यवाणी और चेतावनियां जान सकते हैं.

### महिला वैज्ञानिकों की टीम ने तकनीक को किया विकसित


वहीं इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मेक इन इंडिया पर जोर देते हैं. ये स्वदेशी तकनीक से बना है. उन्होंने कहा कि सबसे खुशी की बात ये है कि महिला वैज्ञानिकों की टीम ने इस तकनीक को विकसित किया है

# सोने और चांदी की कीमतों में उतार चढ़ाव का दौर तेजी से जारी



**मुंबई, एजेंसी।** मई अंत में सोने और चांदी की कीमतों में उतार चढ़ाव का दौर तेजी से जारी है। अगर आप आज सोना या चांदी खरीदने की सोच रहे है तो पहले 26 मई का ताजा भाव जान लीजिए। आज सोने के भाव में 440 रू प्रति 10 ग्राम की गिरावट और चांदी की कीमतों में 100 रू प्रति किलो का उछाल आ गया है। नई कीमतों के बाद सोने के दाम 97000 और चांदी के भाव 1 लाख पर ट्रेंड कर रहे है। आज सोमवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी के अनुसार आज 26 मई 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम 89,650 , 24 कैरेट का भाव 97, 790 और 18 ग्राम सोने का रेट 73,350 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 1 लाख रुपए चल रहा है।

# अब बैंक में जमा पैसे पर मिलेगी दोगुनी सुरक्षा, सरकार बढ़ा सकती है बीमा सीमा



**मुंबई, एजेंसी।**सरकार बैंक खातों में जमा धनराशि पर मिलने वाली बीमा सुरक्षा की सीमा को मौजूदा ?5 लाख से बढ़ाकर ?10 लाख करने पर विचार कर रही है। वित्त मंत्रालय इस दिशा में सक्रिय पहल कर रहा है। आने वाले छह महीनों में इस प्रस्ताव पर कोई ठोस निर्णय लिया जा सकता है।

बैंक ग्राहकों के लिए एक अच्छी खबर आई है। सरकार बैंक ग्राहकों की जमा राशि पर बीमा की सीमा को मौजूदा ?5 लाख से बढ़ाकर ?10 लाख तक करने पर विचार कर रही है। इससे देश के करोड़ों खाताधारकों को सुरक्षा कवच और मजबूत वित्तीय भरोसा मिलेगा। वर्तमान में भारत में यदि कोई बैंक दिवालिया हो जाए, तो डिपॉजिटर को अधिकतम ?5 लाख तक की बीमित राशि मिलती है। यह राशि DICGC (Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation) द्वारा दी जाती है, जो भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई है। RBI की सहायक संस्था है जो देश के वाणिज्यिक, ग्रामीण और सहकारी बैंकों में जमा बीमा की सुविधा देती है।

### 6 महीनों में बढ़ सकती है सीमा

आने वाले 6 महीनों में इस सीमा को बढ़ाने पर फैसला लिया जा सकता है। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस प्रस्ताव पर सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। सरकार इससे पहले यह देख रही है कि कितने खाताधारक इस बढ़ी हुई सीमा से लाभान्वित होंगे?

# रायपुर में बनेगा भारत का प्रमुख एआई सेंटर, 600 करोड़ होंगे खर्च



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ जल्द ही देश के डिजिटल मानचित्र पर एक बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। टेक्नोलॉजी कंपनी ESDS Software Solution Ltd ने रायपुर में अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए 600 रूपए करोड़ से अधिक के निवेश का प्रस्ताव पेश किया है। यह ऐलान नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में उस समय हुआ जब श्वस्ध्ड्स के चेयरमैन पीयूष सोमानी और उपाध्यक्ष लोकेश शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि यह सेंटर सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश के डिजिटल भविष्य को नई दिशा देगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा डिजिटल इंडिया की भावना को छत्तीसगढ़ में धरातल पर उतारने के लिए यह निवेश मील का पत्थर साबित होगा। सरकार इस परियोजना को साकार करने में हरसंभव सहायता देगी। यह प्रस्ताव,ढ्ढ, क्लाउड टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल स्टोरेज के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ESDS की यह पहल राज्य को टेक्नोलॉजी हब बनाने के साथ-साथ हजारों युवाओं के लिए उच्च स्तरीय रोजगार के अवसर भी लेकर आएगी। इससे छत्तीसगढ़ का ढ्ढञ्ज इकोसिस्टम और अधिक मजबूत होगा और राज्य डिजिटल आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होगा। ये रहे मौजूदइस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ की इनवेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सेन भी उपस्थित रहीं।

## पेट्रोनास टीवीएस रेसिंग ने शानदार राइडर लाइन-अप और अपग्रेडेड रेस मशीनों के साथ 17वें आईएनएससी के लिए कसी कमर

**बैंगलोर , एजेंसी।** पेट्रोनास टीवीएस रेसिंग का 1982 से समृद्ध रेसिंग इतिहास रहा है और यह 23-24 मई, 2025 को वड़ोदरा में शुरू होने वाले एफएमएससीआई इंडियन नेशनल सुपरक्रॉस चैंपियनशिप (आईएनएससी) के 2025 सीज़न में एक बार फिर ट्रैक पर धूम मचाने के लिए तैयार है। 2024 के एक प्रभावशाली सीज़न के बाद जिसने भारतीय दोपहिया रेसिंग में अपने नेतृत्व की पुष्टि की, भारत की पहली फैक्टरी रेसिंग टीम नए सिरे से फोकस, अपग्रेडेड मशीनों और एक शक्तिशाली 8-राइडर लाइन-अप के साथ लौटी है। इस टीम में अनुभवी चैंपियन और विशेषज्ञ राइडर जैसे ऋग्वेद बरगुजे, ईक्षण शानबाग और प्रज्वल वी शामिल हैं, जो ग्रुप ए - फॉरेन ओपन एसएक्स1 में प्रतिस्पर्धा करेंगे, साथ ही इमरान पाशा, बंटेइलांग जिरवा और डी सचिन, जो ग्रुप बी - इंडियन एक्सपर्ट कैटेगरी में रेस करेंगे। उनके साथ उभरते हुए टैलेंट जेडन वंडमे नोंग्खलाव और शैलेश कुमार भी हैं, जो इंडियन नोवाइस ग्रुप बी में प्रतिस्पर्धा करेंगे।पेट्रोनास टीवीएस रेसिंग इस सीज़न में अपनी अत्याधुनिक टीआर 300एक्स (ग्रुप ए - 500 सीसी तक) और टीआर 200एक्स (ग्रुप बी - 260 सीसी तक) रेस मशीनें उतारेगी। इन अपग्रेडेड बाइक में एडवांस्ड कैमशाफ्ट और सिलेंडर हेड डिज़ाइन हैं जो बेहतरीन मिड-रेंज टॉर्क और हाई-आरपीएम परफॉरमेंस देते हैं। बेहतर सस्पेंशन सिस्टम और विशिष्ट एर्गोनॉमिक्स के साथ, मशीनें बेहतर कंट्रोल, ट्रैक्शन और कॉर्नरिंग एजिलिटी का वादा करती हैं, जो टीवीएस रेसर्स को ट्रैक पर प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देती हैं।

## जून 2025 में आईआईएम रायपुर के प्रबंधन विकास कार्यक्रमों के साथ अपने पेशेवर विकास को दें एक नई दिशा

**रायपुर, एजेंसी।** भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर, जिसे बिल्डिंग बिजनेस ओनर्स के लिए जाना जाता है, ने जून 2025 के लिए प्रबंधन विकास कार्यक्रमों की एक रोमांचक श्रृंखला की घोषणा की है। ये कार्यक्रम विशेष रूप से कार्यरत पेशेवरों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए तैयार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण व्यापार क्षेत्रों में नवीनतम ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है। पाठ्यक्रम में वित्त, मशीन लर्निंग और अन्य क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। ये तीनों एमडीपीएस आईआईएम रायपुर के प्रतिष्ठित फैकल्टी सदस्यों द्वारा संचालित किए जाएंगे, जो अकादमिक गहराई और व्यावहारिक अनुप्रयोग का संयोजन प्रस्तुत करते हैं।

इन्हें उद्योगों और पेशेवरों की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विशेष रूप से तैयार किया गया है। वास्तविक दुनिया पर आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से प्रतिभागियों को हाथों-हाथ सीखने का अवसर मिलेगा। आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह एक ऐसा युग है जो अस्थिरता, डेटा की अधिकता और तेज़ नवाचार से परिभाषित होता है।

ऐसे में संगठनों को ऐसे अग्रणी लोगों की आवश्यकता है जो गंभीरता से सोच सकें, तेजी से अनुकूल हो सकें और निर्णायक कदम उठा सकें। आईआईएम रायपुर में हमारे प्रबंधन विकास कार्यक्रम केवल अकादमिक कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि ये परिवर्तनकारी यात्राएं हैं।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के नौवें संस्करण के लिए 'Innovate to Transform' थीम का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली के यशोभूमि कनवेंशन सेंटर में 8 से 11 अक्टूबर, 2025 तक होने जा रहे इंडिया मोबाइल कांग्रेस, 2025 के नौवें संस्करण के लिए थीम के तौर पर Innovate to Transform का अनावरण किया। इस वर्ष का संस्करण गठबंधन को बढ़ावा देकर, अत्याधुनिक उन्नयन प्रदर्शित कर और तेजी से उभर रहे डिजिटल परिदृश्य की चुनौतियों से निपट कर और अवसरों का दोहन कर पूर्व की विरासत को और समृद्ध करने का वादा करता है। इस वर्ष की थीम भविष्य को आकार देने में नवप्रवर्तन की अहम भूमिका को रेखांकित करता है और उद्योग और आधारभूत ढांचे से लेकर समाज तक में आ रह परिवर्तन और टिकाऊपन को समर्थ बनाता है। यह निरंतर रचनात्मकता और आगे की सोच की जरूरत को रेखांकित करता है जिससे दूरसंचार, डिजिटल ढांचे और इससे परे उभरती चुनौतियों से निपटा जा सके और नए अवसरों का दोहन किया जा सके। आईएमसी 2025 उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स और टेक्नोलॉजी को लेकर उत्साहित लोगों को साथ आकर ऐसे समाधान निकालने का आह्वान करता है जो समावेशी वृद्धि के अगले युग और डिजिटल उन्नयन में भारत के बढ़ते नेतृत्व को ताकत प्रदान करे।

# रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने 315 करोड़ का पीएटी हासिल किया

RELIANCE GENERAL INSURANCE

**मुंबई एजेंसी।** रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कंपनी) ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपनी डिजिटल-प्रथम रणनीति, ग्राहक-केंद्रित उत्पादों और विविध वितरण रणनीति के दम पर मजबूत प्रदर्शन किया। कंपनी ने रिटेल, कॉर्पोरेट और सरकारी व्यवसाय खंडों में अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं को बनाए रखा। कंपनी, जो लगभग तीन वर्षों तक आईबीसी के तहत चुनौतियों का सामना कर रही थी, को इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) द्वारा अधिग्रहण किया गया है। कंपनी की स्थिति को पुनर्जनन देने के लिए, नए प्रवर्तक ने पहले ही 300 करोड़ रुपये की पूंजी डाली है। बीमा व्यवसाय में वितरण चैनल एक प्रमुख लाभ होने के नाते, प्रवर्तक की विशाल अखिल-भारतीय नेटवर्क से निकटता कंपनी की पहुंच को और बढ़ावा देगी। कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ, श्री राकेश जैन ने कहा- वित्त वर्ष 2024-25 एक अनुशासित कार्यान्वयन, रणनीतिक निवेश और लचीले विकास का वर्ष रहा, भले ही बाजार गतिशील और चुनौतीपूर्ण रहा। निर्बाध ग्राहक अनुभव प्रदान करने, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने और प्रतिभा में निवेश पर हमारा निरंतर ध्यान हमें एक मजबूत, भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने में मदद करता है।

## सैमसंग बना भारत में 10,000 करोड़ रूपये से ज़्यादा के टीवी बेचने वाला पहला ब्रांड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने बताया कि साल 2024 में उसके टीवी कारोबार ने 10,000 करोड़ रूपये से ज़्यादा की बिक्री का रिकॉर्ड बनाया है। इस तरह सैमसंग भारत में य?ह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला ब्रांड बन गया है। कंपनी को उम्मीद है कि साल 2025 में उसकी ग्रोथ और तेज़ होगी, क्योंकि अब लोग बड़े स्क्रीन और एआई तकनीक से लैस प्रीमियम टीवी ज़्यादा पसंद कर रहे हैं। विप्लेश डांग, सीनियर डायरेक्टर, विजुअल डिस्प्ले बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा, 2024 सैमसंग इंडिया के लिए एक यादगार साल रहा। हमने 10,000 करोड़ रूपये का टर्नओवर हासिल किया, जो हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अब हम अपने नए एआई टीवी लाइनअप के साथ और तेज़ी से आगे बढ़ना चाहते हैं। ये टीवी हर तस्वीर को और खूबसूरत बनाते हैं और घर पर ही थिएटर जैसा अनुभव देते हैं। हमें पूरा भरोसा है कि एआई स्क्रीन के इस नए दौर में हम नई जनरेशन के टीवी को लोगों के बीच तेजी से पसंदीदा बनाएंगे और भारत के प्रीमियम टीवी मार्केट में अपनी मज़बूत पकड़ बनाए रखेंगे।सैमसंग का यह विजन एआई टीवी को सिर्फ एक स्क्रीन नहीं, बल्कि एक समझदार साथी बना देता है। ये टीवी आसपास के माहौल और यूज़र की जरूरतों के हिसाब से खुद को एडजस्ट करते हैं। विज़न एआई पिक्चर और साउंड को तुरंत बेहतर बनाता है, हाथ के इशारों से चल सकता है, और स्मार्टथिंग्स के ज़रिए आपके स्मार्ट होम से कनेक्ट हो जाता है। इससे टीवी देखना सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, बल्कि स्मार्ट लाइफस्टाइल का हिस्सा बन जाता है।

# गोदरेज एग्रोवेट ने लॉन्च किया नया पशु आहार उत्पाद-गोदरेज दौलत




**इंदौर , एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े विविधीकृत कृषि व्यवसायों में से एक, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (गोदरेज एग्रोवेट) ने आज पशु आहार समाधान - गोदरेज दौलत के लॉन्च की घोषणा की। शहर में आज इसे आयोजित वितरकों की बैठक के दौरान लॉन्च किया गया, जो पशु उत्पादकता और प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायक है। इससे किसानों की लाभप्रदता बढ़ेगी। गोदरेज दौलत को विशेष रूप से दूध उत्पादन की लागत कम रखते हुए पशु उत्पादकता और प्रजनन क्षमता में सुधार करने के लिए तैयार किया गया है - जो मध्य प्रदेश के डेयरी क्षेत्र की तत्काल आवश्यकता है।

इंदौर का डेयरी उद्योग, जिसमें 60,000 से अधिक पंजीकृत दूध उत्पादक हैं और प्रतिदिन 12-12.5 लाख लीटर दूध का संग्रह होता है, मौसमी उतार-चढ़ाव और बढ़ती लागत जैसी चुनौतियों का सामना करता है। उच्च गुणवत्ता वाला पशु आहार उत्पादन को बनाए रखने, पशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और गर्मी के तनाव से निपटने के लिए आवश्यक है। महाराष्ट्र में उन्नत शोध और सफलता के आधार पर गोदरेज दौलत पौष्टिक, वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया चारा उपलब्ध कराता है, जिससे किसानों को उत्पादकता बढ़ाने और डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग को स्थायी रूप से पूरा करने में मदद मिलती है।

गोदरेज एग्रोवेट के मुख्य कार्यकारी - एनिमल एंड एक्वा फीड बिजनेस, कैप्टन डॉ. ए.वाई. राजेंद्र ने इस लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा, उचित मिश्रित चारा चुनना दीर्घकालिक उत्पादकता और लाभप्रदता की दिशा में एक कदम है। गोदरेज दौलत मवेशियों को कम फीड इनपुट के साथ बेहतर स्वास्थ्य और प्रजनन शक्ति प्राप्त करने में मदद कर, किसानों को हर लीटर दूध से कुछ अधिक प्राप्त करने में मदद कर सकता है और साथ ही उनका परिचालन बोझ कम कर सकता है।

उन्होंने कहा, किसान उचित मिश्रित चारा चुनकर, रणनीतिक निवेश कर रहे हैं जिसका दीर्घकालिक स्तर पर लाभ मिलता है। वैज्ञानिक रूप से तैयार किए गए फीड समाधानों की हमारी विविधीकृत रेंज किसानों को पारंपरिक विकल्पों से आगे बढ़ने और बेहतर प्रदर्शन प्राप्त करने में सक्षम बनाती है।

## चार दिवसीय दौरे में 31 मई को आएंगे नकुल-कमलनाथ

**विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे नेताद्वय**

छिन्दवाड़ा। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन उपरांत नेताद्वय विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार कमलनाथ एवं माननीय नकुलनाथ का दिनांक 31 मई 2025 को छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित एवं अन्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। दिनांक 3 जून 2025 को माननीय नकुल-कमलनाथ जी छिन्दवाड़ा से प्रस्थान करेंगे।

## चंद्रभान उइके पी एस सी में चयनित



**अमरवाड़ा।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किये गये परिणामो मे अमरवाड़ा निवासी चंद्रभान उइके ने सफलता हासिल की है चंद्रभान वर्तमान मे आई टी आई हर्रई मे ट्रेनिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत है इनका चयन प्राचार्य वर्ग 2 (तकनीकी शिक्षा) के पद पर हुआ है, चंद्रभान उइके रिटायर्ड प्रधान पाठक श्री शिवराम उइके व श्रीमति लक्ष्मी उइके के पुत्र है।

## वेदी प्रतिष्ठा की आमंत्रण पत्रिका का हुआ विमोचन



**सिंगोड़ी।** धर्म नगरी छिंदवाड़ा के विद्वानों की नगरी सिंगोड़ी में श्री पार्श्वनाथ जिनालय ट्रस्ट द्वारा सुंदर एवं मनोहारी श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय का निर्माण जैन मोहल्ला में किया गया जिसका दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव आज मंगलवार 27 मई से प्रारंभ होने जा रहा है।महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन स्वाध्याय भवन सिंगोड़ी में प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी डॉक्टर मनोज कुमार जैन जबलपुर, बा. ब्र. महेंद्र कुमार जैन अमायन, विशाल शास्त्री, महोत्सव के अध्यक्ष इंद्रकुमार जैन, मन्नूलाल जैन, शिखरचंद जैन, गोविंद प्रसाद जैन सहित अन्य जिनशासन सेवकों के हस्ते किया गया। सभी ने सकल जैन समाज सहित नगर वासियों को आमंत्रित कर विधि विधान पूर्वक श्री यंत्रजी, मां जिनवाणी एवं मंगल कलश की स्थापना कर श्री जिनेन्द्र पूजन की ओर शांति जाप में हिस्सा लिया।

## विधायक द्वारा प्रदत्त शुद्ध शीतल पेयजल केंद्र का लोकार्पण

**अमरवाड़ा।** प्रेम मार्केट वार्ड -13 में व्यापारियो एवम् वार्ड पार्षद/सभापति श्रीमती संजू सूर्यवंशी की माँग पर विधायक राजा कमलेश शाह द्वारा प्रदान किए गए 80



लीटर क्षमता वाले वाटर प्युरिफ़ायर एवम् वाटर कूलर का लोकार्पण नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी उपाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर सभापति श्रीमती संजू सूर्यवंशी श्रीमती कल्पना साहू विनोद साहू इंडिया द्वारा पूजन कर किया गया। ब्लू स्तर कंपनी का वाटर कूलर एवम् केंट कंपनी का आर ओ का शुद्ध पानी इससे आम जनता को उपलब्ध होगा। विधायक राजा कमलेश शाह का वाटर कूलर की सौग़ात देने पर नगरपालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष सभी सभापति पार्षदों एवम् प्रेम मार्केट व्यापारी संघ ने आभार व्यक्त किया है।

## दुबई की इंटरनेशनल मॉडल विद्याजोशी शिरकत करेंगी जन परिषद समारोह में

**भोपाल।** बी यूनिक इंटरनेशनल मिसेज दुबई, मोस्ट पॉपुलर फेसऑफ आबू धाबी, लोकप्रिय रनवे मॉडल एवं एक्ट्रेस सुश्री विद्या जोशी पटेल, अग्रणी संस्था जन परिषद के 36 वें वार्षिक समारोह में शिरकत करने के लिए बतौर



विशिष्ट अतिथि आगामी 13 जून को दुबई से भोपाल आयेंगी। समारोह में राज्यपाल, विधान सभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, गोपाल भार्गव, संजय पाठक, प्रह्लाद पटेल, एंदेल सिंह कंसाना एवं हेमंत खंडेलवाल जी को भी आमंत्रित किया है। जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी श्री एन के त्रिपाठी एवं महासचिव श्री अजय श्रीवास्तव नीलू ने बताया कि जून में जनपरिषद की रचनात्मक यात्रा के 36 वर्ष पूरे हो रहे हैं। परंपरानुसार यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। जिसमें जन परिषद के 275 चैप्टर्स के प्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक शामिल होते हैं। देश प्रदेश के उपलब्धि प्राप्त व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाता है। संयोजक श्री रामजी श्रीवास्तव के अनुसार जन परिषद एवं इसके विभिन्न चैप्टर्स पिछले 36 वर्षों में 1300 से अधिक लोगों को सम्मानित कर चुके हैं। संयोजक रामजी श्रीवास्तव के अनुसार जन परिषद गैरराजनीतिक संस्था है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रं. Rs/444/0744/85/2025

**इश्तहार**

आवेदक प्रेमबाई पत्नी पन्नालाल निवासी ग्राम दौलतपुरा द्वारा ग्राम दौतलपुरा स्थित खसरा नंबर 148/149/ व अन्य क्षेत्रफल 4.06 भूमि का बंटवारा किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 27.06.2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील कोलार जिला भोपाल**

# देवी अहिल्याबाई होल्कर ने समाज को सफल नेतृत्व दिया: हितानंद

### 300वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन , संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क बनाए रखें





**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा ने सोमवार को छिंदवाड़ा भाजपा कार्यालय में जिला कोर कमेटी, मंडल अध्यक्षों एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर चौरई में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि हमें संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए काम करना है। संगठन की मजबूती के लिए हमें कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संपर्क और संवाद बनाए रखना है। देवी अहिल्या बाई होल्कर ने समाज व राष्ट्र उत्थान के कार्यों में आदर्श स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण की नीतियां देवी अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरित हैं।

**संगठन कार्यों में बढ़े सभी की सहभागिता**

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने बैठकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के साथ संपर्क और संवाद बढ़ाने के लिए टिफिन पार्टी अच्छा माध्यम हो सकता है। इस दौरान विचारों का आदान- प्रदान करें तथा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास करें। इससे संगठन के कार्यों में सभी की सहभागिता बढ़ेगी।श्री शर्मा ने कहा कि बूथ स्तर पर हर महीने में एक बार किसी भी स्थान का चयन करके वहां चाय आयोजित की जा सकती है, जिसके दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं मेल-जोल हो सकता हे। इस तरह के आयोजन किसी कार्यकर्ता के निवास पर भी हो सकते हैं, जहां संबंधित कार्यकर्ता के परिजनों से भेंट कर उन्हें संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए पार्टी के काम से जोड़ा जा सकता है। ध्यान रखें, हम अलग-अलग परिवारों के जितने अधिक सदस्यों को सक्रिय करेंगे, उतना ही अधिक हमारा वोट शेयर बढ़ेगा।

**देवी अहिल्याबाई ने सनातन सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखा**

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री शर्मा ने चौरई में देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी को किया संबोधित करते हुए कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर ने जीवन में कठिनाइयों के बावजूद सफल नेतृत्व दिया। देवी अहिल्या बाई की सेवा, त्याग, तपस्या, सुशासन, लोक कल्याण और धर्म व अध्यात्म को लेकर किए गए अनुकरणीय कार्यों से हमें प्रेरणा मिलती है। देवी अहिल्याबाई ने हमारी सनातन सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी नेतृत्व कुशलता 300 वर्षों के बाद आज भी प्रासंगिक एवं जीवंत है। कार्यक्रम में सांसद विवेक बंटी साहू, जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, जिला प्रभारी संतोष पारीक, विधायक कमलेश शाह, महापौर विक्रम अहाके, पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह, पूर्व विधायक पं. रमेश दुबे, ताराचंद बाबरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश पोफली एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना सहित जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## कांग्रेस क्षेत्रीय समिति पुनर्गठित करेगी

**प्रत्येक माह होगी उप ब्लॉक की बैठक**



**छिन्दवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में उप ब्लॉक मध्य क्षेत्र की बैठक में अहम निर्णय लिए गए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पप्पू यादव के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह की 15 तारीख तक उप ब्लॉक की बैठक सम्पन्न होगी। जिसमें संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ ही क्षेत्रीय स्तर पर पुनर्गठन किए जाने की कार्य योजना पर विशेष चर्चा की गई। आगामी सात दिवस के भीतर जोन प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी। मध्य उप ब्लॉक के प्रभारी शैलू मिश्रा द्वारा दिए गए सुझाव पर शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी द्वारा वार्ड क्षेत्र के सम्मानित कार्यकर्ताओं के बीच ही बैठक कर दिनांक 10 जून तक 2025 तक सहजोन प्रभारी, वार्ड अध्यक्ष, बूथ प्रभारी एवं संबंधित पदों की नियुक्ति किया जाना सुनिश्चित हुआ है।नसीमुद्दीन खान के सुझाव पर वोटर लिस्ट का प्रत्येक बूथ में सूक्ष्म निरीक्षण करने का निर्णय पर सभी ने सहमति दी।

## मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाने पदयात्रा करेंगे सांसद

**छिन्दवाड़ा।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के तीसरे कार्यकाल का 1 वर्ष पूरा होने जा रहा है। इस 1 वर्ष में सरकार ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सांसद श्री बंटी विवेक साहू पद यात्रा पर निकलेंगे। इस 3 दिवसीय पद यात्रा के जरिए वे गांव-गांव में ग्रामीणों से भेंट कर सरकार की उपलब्धियां बताएंगे। यात्रा का शुभारंभ 1 जून को छिन्दवाड़ा से होगा एवं समापन 3 जून को जुन्नारदेव के ताल खमरा मंदिर में होगा। यात्रा के संबंध में सांसद श्री साहू ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हुआ है, वहीं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता श्री मोदी के नेतृत्व वाले आत्मनिर्भर भारत की पुष्टि करती है। स्वदेशी डिफेंस टेक्नोलॉजी ने सटीक निशाना लगाते हुए पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइल मार गिराए। सांसद ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार देश में सरकार जातिगत जनगणना कराने जा रही है। श्री साहू ने साफ किया कि भाजपा जाति की राजनीति नहीं करती बल्कि सरकार का मकसद है कि जो लोग वंचित, पीड़ित और शोषित है जिनकी अभी तक उपेक्षा की गई है उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

## हेलमेट वालों को ही दें पट्रोल

**कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा**

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा (टीएल) समीक्षा बैठक में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री निवास, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से संबंधित लंबित मामलों पर भी विशेष रूप से चर्चा की। बैठक में समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर विस्तार से मंथन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश - कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों का निराकरण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्व की भांति इस बार भी जिला ग्रेड प्राप्त करें, इसके लिए अभी से सतत प्रयास प्रारंभ करें। श्री सिंह ने यह भी कहा कि निम्न गुणवत्ता के आधार पर प्रकरण बंद करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए। बैठक में जनपद सीईओ और एसडीएम को केवायसी कार्य को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए



गए। सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण पर कलेक्टर ने नाराज़गी जताते हुये कहा कि किसी को भी सार्वजनिक स्थान पर कब्जा करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने पुलिस, एसडीएम और नगर निगम को निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद दोबारा कब्जा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

**हेलमेट, ट्रैफिक और सुरक्षा पर सख्ती के निर्देश**

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि सभी पेट्रोल पंप संचालकों को सूचित किया जाए कि बिना हेलमेट लगाए वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए। उन्होंने बसों के अनाधिकृत स्थानों पर रुकने पर नाराज़गी व्यक्त की और ट्रैफिक व्यवस्था को कड़ाई से लागू करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक सिग्नल जम्प करने वालों पर सख्त जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों जैसे ड्रंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट के वाहन चलाना आदि का उल्लेख करते हुए सभी थानों के आसपास ब्रेथ एनालाइज़र से जांच कराने के निर्देश दिए।

## वीर जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन



**अमरवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अमरवाड़ा के तत्वावधान में भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी के नेतृत्व में ग्राम धसनवाड़ा में देश के वीर जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। भारत के सैनिकों ने पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ युद्ध में मुंह तोड़ जवाब दिया पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए भारत की पूरे विश्व में सराहना की गई हमारे सैनिकों की सैन्य सुरक्षा की सराहना की गई इसको देखते हुए शासन के द्वारा और भारतीय जनता पार्टी के द्वारा समस्त कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि हर क्षेत्र में हर गांव में सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाए जो आज जिला महामंत्री जी के नेतृत्व में ग्रामीण मंडल के द्वारा ग्राम धसनवाड़ा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया तिरंगा यात्रा पूरे ग्राम में भ्रमण करते हुए वापस जहां से प्रारंभ हुई वहां पहुंची और उसके साथ देवी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती के उपलक्ष में संगोष्ठी का आयोजन भी ग्राम में किया गया। जिसमें टीकाराम चंद्रवंशी के साथ दीपक नेमां विधायक प्रतिनिधि ,विनोद चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष ,घनश्याम सिंह ठाकुर, हरिदास वर्मा, बालक राम वर्मा , संतोष वर्मा, मुकेश यादव,मदन वर्मा, अशोक डेहरिया,अनुभव सिंह परिहार , अतुल यादव, विकास श्रीवास्तव, बृजभान बरकड़े, अंकित साहू ,विपिन साहू , नितेश वर्मा ,विलसराम वर्मा , रघुराज पटेल, आकाश पटेल,पवन वर्मा,प्रदीप यादव ,अरविंद यादव ,दयाराम यादव बलराम पटेल ,विनय डेहरिया ,राकेश चंद्रवंशी, दल्लू डेहरिया, धीरजसिंह पटेल, राजकुमार मालवीय,सोमजी वर्मा पवन वर्मा भगवत चंद्रवंशी ,लक्ष्मण यादव, राम नाथ वर्मा, शिवकुमार वर्मा,भारतीय जनता पार्टी के मंडल के पदाधिकारी ग्रामवासी और सभी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे..

## सुख समृद्धि के लिए कर्मफल दाता शनिदेव की उपासना जरूरी: रवीन्द्र खरे

**इक्तीस वर्षो से न्यूटन शनि मंदिर में निरंतर जारी है शनि पूजा**



शनिदेव की पूजा से अपने कर्मो का फल प्राप्त होता है तथा बुरे कर्मो के दुष्प्रभाव कम होते है सूर्यदेव के पुत्र शनिदेव की पूजा विधिवत की जावे तो वो अपने भक्तो को कभी दुखी नहीं देख सकते है। शनिदेव की उपासना से रोगो और कष्टो से मुक्ति, सकारात्मक उर्जा, कर्म सुधारने का अवसर, सुख और समृद्धि, जीवन में स्थिरता और सफलता मिलती है। शनिदेव वर्तमान समय में तीन राशि कुभ, मीन एवं मेष पर भ्रमण कर साढे साती का प्रभाव दिखा रहे है। ढैया शनि सिंह एवं धनु राशि पर प्रभाव डाल रहे है।

उल्लेखनीय है कि 31 वर्ष पहले विक्रम संवत 2051 शुक्ल पक्ष द्वितीय माघ माह में न्यूटन चिखली के सुरम्य सतपुडा पहाडी क्षेत्र में श्री रवीन्द्र खरे द्वारा स्वयंभू शनि महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की गई। आध्यात्मक गुरू श्री खरे, स्व. मणिशंकर शास्त्री, गजानन सोनी एवं स्थानीय लोगो की उपस्थिति में मंत्रो द्वारा शिला का पूजन कर जागृत की गई। यह सिद्ध स्थल स्वयंभू शनि शिला ज्योतिषाचार्य श्री रवीन्द्र खरे को स्वप्न में दिखाई दी थी, उन्होने शनि महाराज के पूजन के लिए लोगो की प्रेरित किया एवं इस स्थल को चमत्कारिक बताया। तब से यहा विधि विधान से शिला पूजन पाठ निरंतर प्रारंभ है। आज यह स्थल अपने 31 वर्ष पूर्ण कर अद्युत चमत्कारी प्रभाव दिखा रहा है। इस स्थान पर जन समुदाय अपनी मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना करते है और भरपूर लाभ प्राप्त कर रहे है। जिले के साथ साथ अन्य क्षेत्र के लोगो की आस्था और विश्वास का केन्द्र यह शनि मंदिर बन गया है।

## 2 ट्रेक्टर वाहनों से लिया गया 68900 रूपये का जुर्माना

**बिना परमिट संचालित पाये जाने वाले एक यात्री वाहन को किया जप्त**



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिन्दवाड़ा-सिवनी मार्ग पर यात्री वाहनों एवं अन्य वाहनों की सघन जाँच की गई। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री अनुराग शुक्ला ने बताया कि छिन्दवाड़ा-सिवनी मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई एवं इस दौरान यात्री वाहन क्रमांक एमपी 20 पीए 2786 को सिहोरामाल के पास सिवनी रोड पर बिना परमिट के संचालित पाये जाने पर वाहन जप्त कर सुरक्षार्थ परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा परिसर में खड़ा कराया गया। साथ ही पूर्व में जप्त यात्री वाहन क्रमांक एमएच 12 केक्यू 1513 से बकाया म.प्र. मोटरयान कर 137409 रूपये जमा कराया गया। अन्य कार्यवाही में 2 ट्रेक्टर वाहनों से वाहन का व्यावसायिक उपयोग करने पर 68900 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी।

## ओ बी सी समुदाय सहित सर्वहारा वर्ग के लिए प्रेरणादायी शिक्षाप्रद है फुले मुवी

छिंदवाड़ा। श्रेंयास टाकिज छिंदवाड़ा में ओ बी सी महासभा व महात्मा फुले शिक्षण समिति छिंदवाडा व अन्य समाजिक संगठन के तत्वाधान मे फुले मुवी का शो देखा गया पुरा शोघ् हाउस फुल रहा फुले दंम्पति के द्वारा किये गये समाजसुधार के कार्यक्रमो पर आधारित मुवी बहुत अच्छी व शानदार बनी सभी समाजिक बंधु अधिक अधिक सख्या मे जाकर ये ऐतिहासिक फिल्म देखे हम उनकी जंयती तो बडी धुमधाम से मनाते है पर फुले दंम्पति के महान कार्यो को हम समय निकालकर ये फिल्म अपने परिवार के सभी सदस्यो को दिखायेगे तो उनके प्रति सच्ची श्रृंदाजलि होगी इस अवसर पर ओबीसी समाज के समाजिक बंधु बलकरण पटेल एड. देवेन्द्र वर्मा वासुदेव बुले के साथ समिति के संयोजक राजेश दोडके अध्यक्ष नामदेव सरोदे पुर्व अध्यक्ष सतीश दोडके उपाध्यक्ष अशोक अंबाडकर राजेश भगत माटे अल्केश चरपे अजाब राव दोडके पी एन सेमेकार व बडी संख्या मे सभी एस सी एस टी ओबीसी वर्ग के समाजिक बंधु व बडी संख्या मे मातृशक्ति उपस्थित थी श्रेयांश टॉकीज छिंदवाड़ा रिलीज हुई फूले फिल्म का हम समर्थन करते हैं फूले एक फिल्म नही बल्कि सामाजिक बदलाव की एक आवाज है, यह फिल्म हमें हमारे पूर्व जनों के इतिहास उनके कार्यों उनके संघर्षों को बताती है की किस प्रकार उन्होंने उस समय में, नारी शिक्षा, विधवा विवाह बाल विवाह, छुआछूत, आदि कुरीतियों को मिटाने का कार्य किया सभी सर्व समाज बंधुओ से निवेदन है कि आप अपने बच्चों के साथ इस फिल्म को अवश्य देखें जो समाज मे एक शिक्षाप्रद मूवी है।

**जिला लोकल लेवल कमेटी की बैठक....**

## 2 बौध्दिक दिव्यांगजनों के अभिभावकों को मिली लीगल गार्जियनशिप

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की जिला लोकल लेवल कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के 2 बौध्दिक दिव्यांगजनों के अभिभावकों को लीगल गार्जियनशिप प्रदान करने की कार्यवाही की गई।बैठक में बताया गया कि जिले में निवासरत बौध्दिक अक्षमता, सेरेब्रल पाल्सी, आटिज्म और बहु दिव्यांगजनों की संपत्ति व सुरक्षा के लिये राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अधिनियम की धारा 14(1)(2)(3) के तहत प्रत्येक वयस्क दिव्यांग के माता-पिता, भाई-बहन या रिश्तेदार को लीगल गार्जियनशिप का प्रमाण पत्र जिला कलेक्टर द्वारा दिया जाता है, जिससे दिव्यांगजनों की संपत्ति और उनकी सुरक्षा की जा सके एवं उनके साथ होने वाले दुर्व्यवहार को रोका जा सके। बैठक में सदस्यों से लीगल गार्जियनशिप की हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन करने, जिला दिव्यांग




पुनर्वास केंद्र के लिए भूमि चिन्हित करने आदि के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री पी. राजोरिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एन.के शास्त्री, सिविल सर्जन डॉ.नरेश गोन्नाडे, कमेटी के सदस्य जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के प्रशासनिक अधिकारी श्री पंचलाल चंद्रवंशी, ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान के निदेशक श्री विजय धवले, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री व्ही.डी.मथुरिया और जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ.नम्रता सूर्यवंशी उपस्थित थीं।

## पंचेश्वर हनुमान मंदिर , गांधी गंज में प्राण प्रतिष्ठा होगी एवं वनवासी व्यास कथाकार रामकथा करेंगी





**छिंदवाड़ा।** पंचेश्वर हनुमान मंदिर गांधी गंज के मंदिर का पुर्ननिर्माण किया गया, नये स्वरूप में 1 जून से 11 जून तक प्राण प्रतिष्ठा सुन्दर काण्ड एवं राम कथा के कार्यक्रम होंगे।

गांधी गंज व्यापारी मण्डल के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल मन्दीर निर्माण समिति के प्रभारी जीतेश अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में भगवान श्री शंकरजी का परिवार एवं श्री रामदरबार की नई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

हनुमान जी को मूर्ति यथावत् रहेगी, तीनो के मंदिर अलग अलग रहेगे। कार्यक्रम एक जून को श्री गणेश, मातृका पूजन प्रधान पूजन, दो जून को जलाधिवास, श्री देवता मण्डल पूजन, तीन जून को पुष्पाधिवास, शयनाधिवास, चार जून को हवन एवं शोभायात्रा, पांच जून को श्री देवता स्थापना, पूर्ण आहूति भंडारा होगा।

एकल अभियान, श्रीहरि कथा याजना एवं वनवासी विकास ट्रस्ट के निर्देशन में श्रीराम कथा समिति द्वारा राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। अंचल समिति के अध्यक्ष पुरूषोत्तम साहू ने बताया कि 6 जून को एकल अभियान एवं हरिकथा योजना के द्वारा सुन्दरकांड होगा। 7 जून से 11 जून तक झारखण्ड के रांची से आ रही वनवासी व्यास कथाकार सुश्री संगीता किशोरी राम कथा करेंगी। कथा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी, संयोजक कुबेरसिंह सूर्यवंशी ने बताया कि 7जून को कलश यात्रा एवं 11 जून को समापन एवं भंडारा होगा।











## शनि जयंती

51 फिट ऊंची प्रदेश की सबसे बड़ी प्रतिमा भदभदा रोड भोपाल का शनि जयंती के शुभ अवसर पर स्नान व अभिषेक कर शनिदेव महाराज का आशीर्वाद का प्राप्त किया।



पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर भोपाल के रोशनपुरा चौराहा स्थित प्रतिमा पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की।

# विजय शाह मामले में एसआईटी की जांच पूरी, सुप्रीम कोर्ट को सौंपेगी रिपोर्ट, मंत्रीजी से नहीं लिया बयान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के बयान की जांच के लिए बनाई गई स्ढ्ढञ्ज की जांच पूरी हो गई है। बुधवार को यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी जाएगी। यह मामला हाई कोर्ट के स्वतः संज्ञान के बाद एफआईआर दर्ज होने से शुरू हुआ था। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा।



**मानपुर जाकर जुटाए गए प्रमाण-** एसआईटी ने पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए धार के मानपुर का दौरा भी किया। वहां जाकर टीम ने चश्मदीदों से बातचीत की और सभास्थल की परिस्थितियों का आकलन किया। यह स्थल वही है जहां विवादित भाषण दिया गया था। वीडियो फुटेज की बारीकी से पड़ताल भी जांच का हिस्सा रही।

**मंत्री विजय शाह से नहीं लिया गया बयान-** जांच से जुड़े सूत्रों के अनुसार, एसआईटी ने जांच के दौरान मंत्री विजय शाह से किसी भी प्रकार का बयान नहीं लिया। यह तथ्य चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि मामले में प्रत्यक्ष रूप से उनका नाम जुड़ा हुआ है। यह भी बताया गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 28 मई तक रिपोर्ट सौंपने का समय निर्धारित किया गया था।

### हाईकोर्ट ने स्वतः लिया था संज्ञान

इस पूरे मामले की शुरुआत तब हुई जब हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर विजय शाह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। इसके बाद ही सुप्रीम कोर्ट ने जांच की निगरानी अपने हाथ में लेते हुए एसआईटी गठित करने को कहा था। अब रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी जाएगी।

## भारत बना विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाः अजय देवनानी



**भोपाल।** माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट को आर्थिक गति देने वाली नीतियों के आधार पर भारत की अर्थव्यवस्था ने लंबी छलांग लगाई है। 4.187 ट्रिलियन SD के साथ भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथे स्थान पर अपनी जगह बनाई। निश्चित ही वह दिन भी दूर नहीं जब हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेंगे। यह प्रत्येक देशवासी के लिए एक गौरव का क्षण है।



देवी अहिल्याबाई की 300वीजन्म जयंती पर भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व आईएएस कविंद्र किवायत।

## लगातार हार के बाद कांग्रेस का बड़ा अभियानः भोपाल में राहुल गांधी करेंगे संगठन सृजन अभियान का शुभारंभ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लगातार हार के बाद कमजोर होती कांग्रेस को पुनर्जीवित करने के लिए संगठन सृजन अभियान शुरू करने जा रहा है। इस अभियान के लिए राहुल गांधी ने टीम-50 का गठन किया है। असम से लेकर आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान, यूपी सहित देश के अलग-अलग राज्यों के सांसद, विधायक, पूर्व मंत्रियों को इस टीम में शामिल किया है।

**राहुल गांधी करेंगे कैम्पेन लॉन्च-** मप्र में संगठन सृजन अभियान की लॉन्चिंग राहुल गांधी 5 जून को कर सकते हैं। हालांकि अभी तारीख तय नहीं है, लेकिन एमपी कांग्रेस को राहुल गांधी की ओर से जून के पहले सप्ताह में आने की सहमति दी गई है। राहुल गांधी टीम-50 यानि सभी ऑब्जर्वर के साथ बैठक कर अभियान की औपचारिक शुरुआत करेंगे।

**बीजेपी को फायदा पहुंचाने वाले कांग्रेसी भी होंगे चिह्नित -** संगठन सृजन अभियान के दौरान कांग्रेस के सभी ऑब्जर्वर और को-ऑब्जर्वर आवंटित जिले में जाकर ये पता लगाएंगे कि कांग्रेस किस विधानसभा में कैसे मजबूत है। कांग्रेस के साथ जुड़े पुराने कांग्रेसियों की लिस्ट भी तैयार होगी। इस दौरान ऐसे नेताओं की लिस्ट भी बनाई जाएगी जो कांग्रेस में रहकर बीजेपी को फायदा पहुंचाते हैं।

**एमपी के चार नेता हर टीम में सिर्फ सहयोगी रहेंगे-** राहुल गांधी ने एमपी में कांग्रेस के संगठन की जमीनी हकीकत जानने के लिए अलग-अलग राज्यों के दिग्गज नेताओं को जिम्मेदारी है।




## भोपाल लिंक रोड नंबर 1 पर शाही दरबार रेस्टोरेंट में देर रात ग्राहक से विवाद

**भोपाल।** भोपाल की व्यस्ततम सड़कों में शुमार लिंक रोड नंबर 1 पर स्थित शाही दरबार रेस्टोरेंट एक बार फिर विवादों में घिर गया है। देर रात एक ग्राहक से हुए विवाद और उसके बाद हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि रेस्टोरेंट के कर्मचारियों और एक ग्राहक के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस हुई, जो मारपीट में बदल गई।




घटना की सूचना मिलते ही रात्रि गश्त पर तैनात पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया। पुलिस ने तत्काल शाही दरबार रेस्टोरेंट को बंद करवाया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि रेस्टोरेंट के कर्मचारी ग्राहक के साथ हाथापाई कर रहे हैं, जिसे लेकर लोगों में आक्रोश है।

यह पहला मौका नहीं है जब शाही दरबार रेस्टोरेंट विवाद में आया हो। इससे पहले भी इस रेस्टोरेंट का नाम कई बार विवादों और सोशल मीडिया चर्चाओं में रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेस्टोरेंट रात में देर तक खुला रहता है और कई बार इससे जुड़ी अशांति की शिकायतें सामने आती रही हैं। भोपाल पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है और वायरल वीडियो के आधार पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

## श्री श्याम अलबेला नौका विहार महोत्सव 1 जून को

### बड़ी झील पर दिखेगा वृंदावन सा दृश्य, भजन संध्या में गूंजेगी भक्ति की स्वर-गंगा

**भोपाल।** झीलों की नगरी भोपाल में एक बार फिर भक्तिरस की तरंगें उठने को तैयार हैं। श्री श्याम अलबेला नौका विहार महोत्सव का भव्य आयोजन इस वर्ष भी भोपाल के हृदयस्थल श्री शीतल दास की बगिया, कमला पार्क में किया जा रहा है। यह आयोजन 1 जून 2025 (रविवार) को संध्या 6 बजे से प्रारंभ होगा। इस आध्यात्मिक उत्सव का आयोजन श्री श्याम ताली संकीर्तन परिवार (रजि.), भोपाल द्वारा किया जा रहा है, जो बीते वर्षों से इस अलौकिक महोत्सव की परंपरा को जीवंत बनाए हुए है। इसके पूर्व हुए आयोजनों में हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति में डूबकर अलौकिक अनुभव प्राप्त किया था।

**झील पर रचेगा वृंदावन सा दृश्य-** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन का प्रमुख आकर्षण नौका महारास लीला होगी, जिसमें झील के मध्य नौका पर श्री श्याम और राधारानी की रासलीला का जीवंत मंचन किया जाएगा। यह आयोजन भक्तों को ऐसा प्रतीत कराएगा मानो वृंदावन की यमुना तट पर श्रीकृष्ण स्वयं रास रचा रहे हों। बाबा श्याम का इस अवसर पर कोलकाता के विशेष फूलों से श्रृंगार किया जाएगा और छप्पन भोग अर्पित कर भावभीना पूजन किया जाएगा। आयोजन स्थल को आकर्षक विद्युत सज्जा, पुष्प वर्षा और दीपों की रोशनी से सजाया जाएगा, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठेगा।

### भजन संध्या प्रभु इच्छा तक चलेगी

इस महोत्सव की प्रेरणा और भावना श्याम बाबा की सेवा में समर्पित है। ÷करने वाले श्याम, कराने वाले श्याम÷ के संकल्प के साथ श्याम ताली संकीर्तन परिवार ने पूरी निष्ठा और श्रद्धा से आयोजन की तैयारियां की हैं। आयोजकों ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे सपरिवार पधारें और इस आध्यात्मिक प्रसंग के साक्षी बनें।

## डी ग्रेड पाने वाले जिलों में अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

### सीएम हेल्पलाइनः स्वास्थ्य विभाग की शिकायतें निपटाने में भोपाल फिसड्डी, 1420 मामले पेंडिंग

**भोपाल।** सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायतों का हल नहीं हो पा रहा है। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सीधी सहित 9 जिले के सीएमएचओ आम जनता की शिकायतों को सुलझाने में फिसड्डी साबित हो रहे हैं। सबसे खराब स्थिति राजधानी भोपाल की है, जहां 1420 शिकायतें लंबित रहीं और स्कोर सिर्फ 46.47 रह गया।

ग्वालियर का स्कोर 56.89, जबलपुर का 59.31, रीवा का 56.77, सीधी का 57.96, डिंडोरी का 55.92, बड़वानी का 58.68, आगर मालवा का 56.07 और बुरहानपुर का स्कोर 55.57 रहा। ग्रेडिंग के आधार पर इन जिलों को डी ग्रेड में डाला गया है, यानी सुधार नहीं हुआ तो अफसरों पर कार्रवाई तय है। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने भी इस पर चिंता जाहिर की है। लेवल-3 पर सबसे ज्यादा 10,304 शिकायतें लंबित हैं। लेवल-1 पर 3,436, लेवल-2 पर 1,299 और लेवल-4 पर 1,323 शिकायतें अब तक नहीं निपटीं।

**जिला अस्पतालों में डॉक्टर नहीं-** हाल ही में सीएम हेल्पलाइन के डैशबोर्ड में कोविड संबंधी शिकायतें भी आना शुरू हो गई है लेकिन सीएमएचओ इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कुछ शिकायतों में जिला अस्पतालों में डॉक्टर न मिलने तो कुछ में कोविड की जांच न होने की शिकायतें भी दर्ज की गई है। सीएम हेल्पलाइन में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी 16,362 शिकायतें अब तक लंबित हैं। इनमें सबसे ज्यादा 7,903 शिकायतें चिकित्सा शिक्षा विभाग की हैं। लोक स्वास्थ्य विभाग की 3,568, जिला अस्पतालों की 2,458, आयुष्मान भारत-निरामयम की 1,121 और फार्मेसी काउंसिल भोपाल से जुड़ी 1,312 शिकायतें अब तक नहीं सुलझी हैं।

भोपाल संभाग में 2960 चिकित्सा शिक्षा विभाग की डिवीजनवार देखें तो सबसे ज्यादा 4,839 शिकायतें भोपाल डिवीजन से हैं। जबलपुर में 2,681, रीवा में 2,523, ग्वालियर में 2,539, सागर में 1,539, इंदौर में 1,196 और उज्जैन में 1,045 शिकायतें लंबित हैं। भोपाल डिवीजन में चिकित्सा शिक्षा विभाग की 2,960, लोक स्वास्थ्य की 1,009, जिला अस्पताल की 392, आयुष्मान भारत की 478 और फार्मेसी काउंसिल की 478 शिकायतें अब तक हल नहीं हुईं। इंदौर डिवीजन में चिकित्सा शिक्षा विभाग की 491, लोक स्वास्थ्य की 97, जिला अस्पताल की 10, आयुष्मान भारत की 137 और फार्मेसी काउंसिल की 10 शिकायतें लंबित हैं। जबलपुर डिवीजन में चिकित्सा शिक्षा विभाग की 1,513, लोक स्वास्थ्य की 555 शिकायतें लंबित हैं।



ग्वालियर डिवीजन में भी शिकायतें अधिक- ग्वालियर डिवीजन में चिकित्सा शिक्षा विभाग की 1,479, लोक स्वास्थ्य की 711, जिला अस्पताल की 172 और आयुष्मान भारत की 177 शिकायतें अब तक हल नहीं हुईं। उज्जैन डिवीजन में चिकित्सा शिक्षा विभाग की 171, लोक स्वास्थ्य की 383, जिला अस्पताल की 366 और आयुष्मान भारत की 125 शिकायतें लंबित हैं।

**नगर निगम में 1900 शिकायतें लंबित-** नगर निगम में मई में करीब 4 हजार शिकायतें पहुंचीं। इनमें से सिर्फ आधी, यानी 2000 शिकायतों का निवारण संतोषजनक रहा। जबकि 2 हजार से ज्यादा शिकायतें लंबित हैं। पिछली शिकायतों की संख्या जोड़ ली जाए तो 50 दिन से ज्यादा लंबित शिकायतों की संख्या 2 हजार से ज्यादा है। यह स्थिति 23 मई तक की है। सभी विभागों में नगर निगम के खिलाफ सबसे ज्यादा शिकायतें हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर पुलिस विभाग है। 23 मई की स्थिति में 3704 शिकायतों में से करीब 1800 शिकायतें 50 दिन या उससे ज्यादा दिन से लंबित हैं। राजस्व विभाग की 1400 शिकायतें हैं और यह तीसरे नंबर पर है और ऊर्जा विभाग एक हजार शिकायतों के साथ चौथे नंबर पर है।

## अंतिम तैयारी के लिए भाजपा की आज बैठक होगी, मोदी के दौरे पर महिला सम्मेलन में सेल्फी लेने पर मनाही रहेगी

**भोपाल।** राजधानी में 31 मई को होने वाले महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी सिलसिले में सोमवार को एक बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें प्रमुख महिला पदाधिकारियों को बुलाया गया। ये सभी महिला कार्यकर्ता थीं, जिन्हें कार्यक्रम वाले दिन नेतृत्व करना है। पदाधिकारियों ने इन्हें हिदायत दी कि कार्यक्रम में व्यवस्था नहीं बिगड़े, इसलिए सेल्फी लेने के चक्कर में नहीं पड़ना है। अब मंगलवार को सीएम डॉ. मोहन यादव खुद महिला कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे।

मंगलवार को दिन में यह बड़ी बैठक आयोजित होगी, जिसमें भोपाल के 31 मंडल से 1550 महिलाओं को बुलाया गया है। इनके साथ मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा चर्चा करेंगे। इसी बैठक के लिए सोमवार को भी भोपाल की मुख्य महिला पदाधिकारियों को चर्चा के लिए बुलाया गया था। बता दें कि मप्र भाजपा द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में 21 से 31 मई तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका समापन 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल के जंबूरी मैदान में करेंगे। इस कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी महिला कार्यकर्ताओं को दी जा रही है।



**जिम्मेदारी बांटने के बाद दिया जाएगा प्रशिक्षण-** पार्टी सूत्रों ने बताया कि महासम्मेलन में जिन महिला कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी दी जाएगी, उसके बाद उन्हें उस व्यवस्था का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसमें भोजन, पार्किंग, मंच, बैठक व्यवस्था, स्वागत, पंजीयन, आवास आदि काम शामिल हैं।

